यह बहुत पते की बात है, लेकिन मैं प्रधानमंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि न्यायपालिका को आप यह कह रहे हैं कि संवैधानिक संस्थाओं को काम करने दो, तुम उतना ही काम करो, जितना तुम्हें दिया गया है, लेकिन क्या सरकार अपने सीने पर हाथ रख कर कह सकती है कि उसने संवैधानिक संस्थाओं को काम करने दिया है? मैं पुरानी बात नहीं कर रही, केवल पिछली सुप्रीम कोर्ट की तीन टिप्पणियों की बात कर रही हूं। सुप्रीमकोर्ट की वे तीन टिप्पणियां किस पर आई हैं। प्रधानमंत्री जी, पहली टिप्पणी आई, जब सुप्रीम कोर्ट ने पी.एम. का एफीडेविट मांगा, जो पहले कभी नहीं हुआ। दूसरा, जब सुप्रीम कोर्ट ने सी.बी.आई. से कहा कि फाइल करने से पहले चार्जशीट हमें दिखाओ, यह कभी नहीं हुआ। लेकिन यह क्यों हुआ, क्योंकि आपने संसद की अनदेखी की और आपने जे.पी.सी. का गठन करने के बजाय सुप्रीम कोर्ट की मोनेटरिंग में सी.बी.आई. की जांच प्रारम्भ करवाई। जूरिसप्रूडेंस का सिद्धान्त है: If alternate remedy is available there is no scope for judicial review. आज आप पछता रहे होंगे। अगर आपने संसद की सर्वोच्चता मानी होती, अगर आपने उस समय जे.पी.सी. का गठन कर दिया होता तो प्रधानमंत्री जी, मैं यहां खड़ी

होकर कह रही हूं, न तो सुप्रीमकोर्ट आपका एफीडेविट मांगता, न सुप्रीम कोर्ट कहता कि सीबीआई हमें चार्जशीट दिखाए, तो फाइल करें। आपने हर तरह के विकल्प हमें दिए। आपने कहा कि सुप्रीम कोर्ट सीबीआई को मॉनिटर कर ले, आप यह मान लो। आपने हमें कहा कि हम पीएसी के साथ इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसीज लगा देते हैं, उसका दायरा बढ़ा देते हैं, इसे मान लो, आप बाकी सारी चीजें करने के लिए तैयार थे, मगर जेपीसी देने को तैयार नहीं थे। मेरी समझ से यह बात परे थी। दो मीटिंग्स नेता सदन ने बुलायीं और एक मीटिंग अध्यक्ष जी आपने बुलायी। तीनों मीटिंग्स में प्रतिपक्ष की तरफ से बोलते हुए तमाम लोगों ने अपने-अपने तर्क देकर कहा कि जेपीसी क्यों चाहिए? इनके समर्थक दलों ने कहा कि जेपीसी क्यों चाहिए, इनके घटक दलों ने कहा कि जेपीसी दे दो तो हमें आपत्ति नहीं, लेकिन सरकार ने हमें एक बार भी नहीं बताया कि जेपीसी क्यों नहीं देनी है?

मुझे एक बात याद है जो अध्यक्ष जी आपके घर पर घटी थी। आपने भोज पर बुलाया था, सत्र के अंतराल में एक पहल आपने करनी चाही थी। अगर सत्र के दौरान रास्ता नहीं निकला तो चलिए अब निकालते हैं। आपने अपने घर पर एक भोज दिया। उसमें आपने नेता सदन को बुलाया, संसदीय कार्य मंत्री पवन कुमार बंसल जी और नारायणसामी जी को बुलाया और इधर से मुझे और आडवाणी जी को बुलाया। खाना खाने के बाद जब हम बात करने के लिए बैठे तो मैंने कहा, प्रणव दा आप जेपीसी क्यों नहीं देते, तो इन्होंने मुंह बिचकाकर कहा कि एक इनइफेक्टिव बॉडी है। मैंने कहा कि इनइफेक्टिव है तो और ज्यादा आसान है, दे दो। इफेक्टिव हो तो सरकार डरे, अगर कोई इतनी निष्प्रभावी संस्था है, इनइफेक्टिव बॉडी है, तो दे दो। इन्होंने बहुत गंभीर होकर कहा कि कोई फायदा नहीं है। आपको याद होगा, मैंने कहा था कि एक फायदा तो है। उन्होंने कहा क्या, तो मैंने कहा संसद चल जाएगी। तो वह खिलखिलाकर हंस पंड़े और तब आपने कहा था, प्रणव दा that is matchless. That is Sushma and I cannot answer that. मुझे लगा कि शायद उसी दिन से आपके दिमाग मे यह बात आयी कि संसद चल जाएगी, इसलिए जेपीसी देनी चाहिए, क्योंकि वह बात प्रधानमंत्री जी के उस वक्तव्य में झलकी। प्रधानमंत्री जी ने जो बात उस दिन कही, उसमें कोई और दूसरा कारण नहीं दिया। यह नहीं कहा कि संसद की सर्वोच्चता स्थापित करने के लिए हम जेपीसी दे रहे हैं। उन्होंने कहा, क्योंकि पूरा का पूरा सत्र खत्म हो गया और दूसरा सत्र भी खत्म न हो जाए, इसलिए हम जेपीसी दे रहे हैं। उनको लगा कि इस तरह से संसद चल जाएगी। चलिए, आपने हमारी बात मानी, चाहे किसी भी कारण से मानी। मैंने उस दिन भी प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद किया था और मैं आज भी धन्यवाद करती हूं, क्योंकि प्रणव दा संसद चलने के लिए बनी है, रूकने के लिए नहीं बनी है, रूकी हुयी संसद सबको खलती है। प्रतिपक्ष को ज्यादा खलती है, लेकिन अगर

सरकार अड़ियल रवैया ही अपना ले, तो फिर हम क्या करें? फिर हमारे पास कोई दूसरा रास्ता नहीं बचता है। मैं प्रधानमंत्री जी को कहना चाहती हूं कि सुप्रीम कोर्ट की प्रतिकूल टिप्पणी इसलिए आयी, आपका एफिडेविट इसलिए मांगा गया क्योंकि आपने जेपीसी का गठन नहीं किया। सीबीआई को चार्जशीट दिखाने के लिए सुप्रीमकोर्ट ने इसलिए कहा कि आपने जेपीसी का गठन नहीं किया, आपने संसद की अनदेखी की। दूसरी प्रतिकूल टिप्पणी किस संदर्भ में आयी - सीवीसी की नियुक्ति पर। वहां आपने नेता प्रतिपक्ष संस्था की अनदेखी की। नेता प्रतिपक्ष कोई व्यक्ति नहीं होता, वह सुषमा स्वराज नहीं है, आज मैं हूं, कल कोई और होगा। हमसे पहले श्रीमती सोनिया गांधी नेता प्रतिपक्ष थीं और उनसे पहले श्रीमती इंदिरा गांधी भी नेता प्रतिपक्ष थीं। हमारे आज के प्रधानमंत्री स्वयं राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष थे, लेकिन आपने नेता प्रतिपक्ष की अनदेखी की। मैं कोई अनरीजनेबल बात नहीं कह रही थी। मैं सिर्फ यह कह रही थी कि आपके द्वारा दिया गया जो पैनल है, उसमें से बकाया दो अधिकारियों में से किसी को चुन लो। अगर आपने चुन लिया होता, मेरी बात मान ली होती, तो सीवीसी के संदर्भ में प्रतिकूल टिप्पणी आपको नहीं सुननी पड़ती, लेकिन इसलिए सुननी पड़ी, क्योंकि आपने एक और संस्था की अनदेखी की। तीसरी प्रतिकूल टिप्पणी काले धन के संदर्भ में आयी। जब उन्होंने कहा कि यह केवल टैक्स इवेजन नहीं है, क्योंकि सरकार की तरफ से यह बयान दिया गया कि यह कर चोरी का मामला है। उस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी दी कि यह कर चोरी का मामला नहीं है, राष्ट्रीय संपत्ति की लूट है। वहां आपने अपनी जिम्मेदारी की अनदेखी की। अगर सरकार ने अपनी जिम्मेदारी समझी होती, चुनाव के दौरान आपने कहा था, जब आडवाणी जी ने इसे मुद्दा बनाया कि अगर हम आयेंगे, तो हम भी काला धन वापस निकालकर लायेंगे। आपने जो सौ दिन का वादा था, अगर उसके लिए कुछ प्रयास किया होता, लेकिन अब तो सरकार को डेढ़ साल हो गए, अगर उस दिशा में कोई ठोस प्रयास किया गया होता और यह न कहा होता कि केवल कर चोरी का मामला है, तो यह टिप्पणी भी नहीं आती। इसलिए यह आपके लिए आत्मचिंतन का सवाल है। It is a matter of introspection for you कि संविधान की संस्थाओं की अनदेखी कौन कर रहा है?

मैं आज आपको कहती हूं कि अगर संवैधानिक संस्थाओं को सरकार काम करने दे तो न्यायपालिका कभी सक्रिय नहीं हो सकती, अति सक्रिय नहीं हो सकती, क्योंकि सरकार के हाथों से पीड़ित लोग जब न्यायपालिका में जाते हैं तब न्यायपालिका सक्रियता दिखाती है, उत्साह में अति सक्रिय हो जाती है जिसे हम ज्युडीशियल एक्टीविज़्म कहते हैं। लेकिन उसके लिए दोषी सरकार है, उसके लिए दोषी हम लोग हैं जो न्यायपालिका के हाथ में वे चीजें दे देते हैं जो हमें स्वयं को करनी चाहिए। इसलिए मैं आपसे कह रही हूं प्रणब दा, आपने जो प्रारंभ में पूरे देश के संदर्भ में बोला, सच वह है। आज पूरे देश में लोकतंत्र के चारों स्तंभ लड़खड़ा रहे हैं।...(व्यवधान)

SHRI PRANAB MUKHERJEE : It will establish that some people will come to the Well of the House and demand saying accept this नहीं तो हाउस नहीं चलेगा। That slogan will strengthen *loktantra.* I agree. … (*Interruptions*)

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** प्रणब दा, मैं आपसे हाथ जोड़कर निवेदन करूंगी कि जो बात मैं अब कहने जा रही हूं, वह संजीदा बहुत है, उसे बिना गुस्से के सुनिए।...(व्यवधान) प्लीज़, गुस्सा मत होइए।...(व्यवधान)

**श्री प्रणब मुखर्जी :** गुस्से की बात नहीं है।...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** नहीं, मैं आपसे कह रही हूं।...(व्यवधान)

**श्री प्रणब मुखर्जी :** गुस्से का सवाल नहीं है, it is a question of method.

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** मैंने 77 घंटो का मैथड ही दिखाया है।...(व्यवधान)

SHRI PRANAB MUKHERJEE : You told so many things. You did not tell that I wanted only one thing that let this issue be decided by debate and thereafter decide. I wanted only a discussion on the floor of the House. Nothing more and nothing less.

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** प्रणब दा, जो 77 घंटे डिसरप्ट हुए, उसका आपके पास क्या एक्सप्लेनेशन है?...(व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री (श्री पवन कुमार बंसल):** यह सही नहीं है।...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** श्री जी.सी. मल्होत्रा की चिट्ठी है।...(व्यवधान) संसदीय कार्य मंत्री जी, आप चैलेंज मत कीजिए।...(व्यवधान)

SHRI PRANAB MUKHERJEE : Was there a single day when the House transacted business?

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** आप चैलेंज मत कीजिए। मैंने कहा है कि मैं सैक्रेटरी जनरल की चिट्ठी से पढ़ रही हूं। इसलिए आपके फैक्ट्स गलत हो सकते हैं, मेरे फैक्ट्स गलत नहीं हैं। मैं आपको चिट्ठी पकड़ा देती हूं। वे सैक्रेटरी जनरल न आपके थे, न मेरे थे, लोक सभा के थे। 77 घंटे, लिखा हुआ है। मैं आपको अभी उनका लैटर भेजती हूं। मैं मार्शल के हाथ आपके पास अभी लैटर भेजती हूं। जाइए, मार्शल साहब, इन्हें यह लैटर दे दीजिए।...(व्यवधान)

**श्री पवन कुमार बंसल :** सुषमा जी, क्या उसमें यह कहा है कि 77 घंटे सिर्फ उसी मांग के कारण हुए थे?...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** 77 घंटे डिसरप्ट हुए थे।...(व्यवधान)

**श्री पवन कुमार बंसल :** मैं आपको तारीखें बताता हूं।

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** इसमें यह लिखा हुआ है कि 77 घंटे डिसरप्ट हुए थे।...(व्यवधान)

**श्री पवन कुमार बंसल :** क्या यह उसके लिए कहा है?...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** सवाल यह नहीं है।...(व्यवधान)

**श्री पवन कुमार बंसल :** आपको जानना चाहिए कि किस कारण हुए हैं। मैं आपको तारीखें देता हूं।...(व्यवधान) 14 मार्च, 2001, 15 मार्च, 2001, 16 मार्च, 2001, इसके बाद 17 अप्रैल। क्वश्चन आवर चलता रहा। हमने क्वश्चन आवर को खत्म नहीं किया, डिसरप्ट नहीं किया।...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** 600 सवालो में से 66 सवाल कैसे?...(व्यवधान)

**श्री पवन कुमार बंसल :** क्वश्चन आवर चलता रहा और उसके बाद जेपीसी मानी। पहले एकदम जैसे आप बता रही थीं, बिना किसी मांग के ... (व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** पवन जी, मैं चिट्ठी भेज रही हैं, आप पढ़ लीजिए।...(व्यवधान)

**श्री पवन कुमार बंसल :** मेरे पास तारीखों के हिसाब से है। ...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** यह चिट्ठी मैंने नहीं लिखी। 600 प्रश्नों में से 66 प्रश्न पूछे गए। यह इसमें लिखा है।...(व्यवधान)

**श्री पवन कुमार बंसल :** आप मुझे बताइए कि रोजाना कितने प्रश्न पूछे जाते हैं। जब हाउस नार्मल चलता है तब 3-4 प्रश्न पूछे जाते हैं। आप कह रही हैं कि इस कारण नहीं चला।...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** 31 दिन में कितने प्रश्न पूछे जाते हैं? 77 घंटे जो डिसरप्शन हुआ, वह किसने किया?...(व्यवधान)

SHRI PRANAB MUKHERJEE : You did not allow even the first Budget, including the Railway Budget. In July 2004, the Ministers were not allowed to introduce it. You began from the very beginning of the Session held in July, 2004. Please remember what did you do?

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** प्रणब दा, वर्ष 2004 वर्ष 2001 के बाद आता है। यह अर्थमैटिक है। वर्ष 2001 में आपने उदाहरण बना दिया, इस्टैबलिश कर दिया कि रेलवे बजट बिना डिसकशन के हो। तब वर्ष 2004 में हमने किया।...(व्यवधान) आप यह उदाहरण बनाकर गए।...(व्यवधान)

**श्री प्रणब मुखर्जी :** सब खत्म कर दिया। रेलवे बजट भी खत्म कर दिया, जनरल बजट भी खत्म कर दिया। आपने दोनों खत्म कर दिए।...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** आपने वर्ष 2001 में यह उदाहरण स्थापित किया, हमने केवल उसका अनुकरण किया। ...(व्यवधान) मार्शल साहब, आप पवन जी को यह चिट्ठी दे आइए। मैं आपके पास चिट्ठी भेज रही हूं। आप पढ़ लीजिए।...(व्यवधान)

अध्यक्षा जी, जो बात मैं अब कहने जा रही हूं, मैं आपसे फिर हाथ जोड़कर कहती हूं प्रणव दा कि आप उसे धीर, गंभीरता से सुनिए, गुस्सा मत कीजिए।

अध्यक्षा जी, आप मेरी इस बात के साथ साक्षी होंगी। आज देश में लोकतंत्र के चारों स्तम्भ-- विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और प्रैस लड़खड़ा रहे हैं। चारों स्तम्भ संदेह के घेरे में हैं। अविश्वास का संकट गहराया हुआ है। हर व्यक्ति एक-दूसरे को शक की निगाह से देख रहा है। राडिया टेप्स ने इस तंत्र का खोखलापन उज़ागार करके रख दिया है। उद्योग जगत इस तरह से हमारी पूरी पॉलिटिक्स में प्रवेश कर गया है कि मंत्री कौन बने। इसमें वे हस्तक्षेप करते हैं। ...(व्यवधान) किस मंत्री को कौन सा विभाग दिया जाये, इसमें वे हस्तक्षेप करते हैं। किस कॉलम में क्या लिखा जाये, इसमें वे हस्तक्षेप करते हैं। कौन सी खबर प्रथम पृष्ठ पर छपे और कौन सी खबर आखिरी पृष्ठ पर छपे, इसमें वे हस्तक्षेप करते हैं। पूरी व्यवस्था को दीमक खा रही है।

प्रणब दा, इसलिए मैं आपसे कहना चाहती हूं कि आपने जो टर्म्स बनायी हैं इन टर्म्स में आपने आखिर में जो लिखा है, उसे व्यापक कीजिए। इस टर्म्स के तीसरे प्वाइंट में आपने लिखा है -

"To make recommendations to ensure formulation of appropriate procedure for implementation of laid down policy in the allocation and pricing of telecom licences."

आपने इसे केवल वहीं तक सीमित रख दिया। सवाल केवल टेलीकॉम लाइसेंसेज के प्रोसीजर का नहीं है। पूरी व्यवस्था ढह रही है। जहां हाथ लगाओ, वहीं भुरभुरा रहा है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि सारे लोग बैठकर एक साथ चिंतन, मनन करें। जेपीसी में हमारे जो सांसद साथी जा रहे हैं, उनसे मैं हाथ जोड़कर कहना चाहती हूं, मुझे खुशी है कि बहुत ही वरिष्ठ साथी इसमें रखे गये हैं। यह जेपीसी केवल दोषारोपण के लिए नहीं बन रही है। किसने आबंटन का निर्णय लिया, कैसे लिया, कितना नुकसान हुआ, इसका आकलन तो आप करेंगे ही, लेकिन आप यह तय कीजिए कि इस तंत्र को वापिस कैसे खड़ा किया जाये। इस व्यवस्था में कौन सी खामियां आ गयी हैं, उन खामियों को कैसे सुधारा जाये? क्या चैक्स एंड बैलेंसेज नहीं हैं? अगर नहीं हैं तो कैसे लाये जायें? अगर हैं और उनका इम्प्लीमैंटेशन नहीं हो रहा, तो उनकी पालना कैसे की जाये? क्योंकि अभी पिछले दिनों जब प्रधान मंत्री जी की प्रैस कांफ्रेंस आयी, तो उन्होंने एक नया प्रश्न देश के सामने खड़ा किया। उन्होंने कहा कि उन्हें गठबंधन धर्म की मजबूरी है।

अध्यक्षा जी, मैं आपसे कहना चाहती हूं कि इस देश में गठबंधन युग पन्द्रह वर्ष पहले शुरू हुआ और निकट भविष्य में खत्म होने वाला नहीं है। क्या हम यह मान लें कि गठबंधन की सरकारें भ्रष्ट सरकारें होंगी और भ्रष्टाचार का औचित्य दिखाने के लिए गठबंधन धर्म का सहारा लिया जायेगा?

अध्यक्षा जी, मैं आपसे कहना चाहती हूं कि भ्रष्टाचार अपने आप में अधर्म है। ...(व्यवधान)

**श्री पवन कुमार बंसल :** आप आउट ऑफ कांटैक्सट कह रही हैं। ...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** मैं आउट ऑफ कांटैक्सट नहीं कह रही हूं। मैं यह कह रही हूं कि आगे भी सरकारें कोइलिएशन की ही आयेंगी। अभी दोनों राष्ट्रीय दलों में से किसी में यह ताकत नहीं है कि वह अकेले सरकार बना ले। क्या गठबंधन धर्म का तर्क लेकर भ्रष्टाचार का औचित्य बताया जायेगा? इसलिए मैं आपसे कहना चाहती हूं कि भ्रष्टाचार एक अधर्म है और एक अधर्म को पनपाने के लिए धर्म का सहारा नहीं लिया जा सकता। गठबंधन धर्म की मजबूरी राजनैतिक मुद्दों पर बतायी जा सकती है।

प्रधान मंत्री जी, हमने भी कोइलिएशन सरकार छः वर्ष चलायी थी। हमारा 24 दलों का गठबंधन था। हम भी मजबूरी की बात करते थे, मगर राजनैतिक मुद्दों पर, जैसे धारा 370 हम चाहते थे, मगर हमारे घटक दल नहीं चाहते थे, तो हम अपने कार्यकर्त्ताओं को समझाते थे कि गठबंधन धर्म की मजबूरी है, इसलिए हम नहीं कर सके। लेकिन गठबंधन धर्म बेइमानी को ढकने के लिए नहीं किया जा सकता। ...(व्यवधान) इस समय मैं सबकी तरफ से बात कर रही हूं। ...(व्यवधान) इस समय मैं प्रतिपक्ष की बात नहीं कर रही हूं। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** सुदीप जी, आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** नारायणसामी जी, मैं आपको एक बात बता दूं कि प्रधान मंत्री जी को हमने पिन ड्रॉप साइलेंस में सुना है। यह सदन चले और अच्छी तरह से चले, यह जिम्मेदारी मैं निभा रही हूं और आप इसे अच्छी तरह से जानते हैं। मैं कोई गलत बात नहीं कह रही कि मंत्री बीच-बीच में उचक-उचक कर खड़े हो रहे हैं। ...(व्यवधान) मैं यह कहना चाहती हूं कि गठबंधन धर्म एक कोइलिएशन सीएमपी बनाता है, जिसे कॉमन मिनिमम प्रोग्राम कहा जाता है। उस कॉमन मिनिमम प्रोग्राम में कोई मजबूरी हो तो बात समझ में आती है, लेकिन कॉमन मिनिमम प्रोग्राम अगर करप्शन मैक्सिमम प्रोग्राम बन जायेगा, तो देश उसे स्वीकार नहीं करेगा। ...(व्यवधान)

**श्री पवन कुमार बंसल :** मिस्टर जॉर्ज फर्नांडीज को वापस लेना क्या आपका कोएलिशन का कम्पल्शन नहीं था?

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** आप बाद में बोल लेना। संसदीय कार्यमंत्री के बोलने पर पाबन्दी नहीं है।

**श्री पवन कुमार बंसलः** जॉर्ज फनांडीज जी ने रिजाइन किया, फिर तीन दिन बाद उनको वापस लेना, उसकी क्या मजबूरी थी?

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** आप बोलने के लिए अपनी पार्टी से समय लेकर बोल लीजिए। संसदीय कार्यमंत्री रहते हुए मैं भी डिबेट में पार्टीसिपेट करती रही हूं, इसमें कोई पाबन्दी नहीं है, लेकिन बीच-बीच में हस्तक्षेप मत करो, इंटरफेयर मत करो। अपने नेता से कहिए। आपके यहां खुद संसदीय कार्यमंत्री बोलने के लिए समय बांटता है, उसमें से आप अपने बोलने लिए भी समय रख लो। उस समय अगर मेरी कोई बात गलत है या काटने वाली है, तो काटो, लेकिन आप मेरी बात बीच-बीच में काट रहे हैं। मैं एक संजीदा बात कर रही हूं, पूरे देश के सामने बात रख रही हूं। आज से पहले जो जेपीसीज बनी हैं, उनमें से किसी भी जेपीसी पर यह जिम्मेदारी नहीं आई। ज्यादा से ज्यादा किसी एक विभाग के लिए वह बनी थी। आपने इस जेपीसी

की भी तीसरी टर्म विभाग से संबंधित बना दी। मेरा आपसे यह कहना है कि अगर केवल विभागीय जांच करके यह जेपीसी उठ जाएगी, तो वह अपना काम पूरा नहीं करेगी। हमें व्यवस्था में सुधार के लिए जेपीसी चाहिए। मैं यह केवल आज नहीं कह रही हूं, एनडीटीवी का एक प्रोग्राम होता है – वाक दि टाक। उसमें इंडियन एक्सप्रेस के एडिटर शेखर गुप्ता के साथ बात करते हुए, शीतकालीन सत्र के अगले दिन मैंने कहा था, जब उन्होंने मुझसे पूछा कि आप जेपीसी क्यों चाहती हैं? मैंने कहा था कि पीएसी अपना काम कर रही है, एकाउण्ट्स देख रही है कि कितना नुकसान हुआ, ट्रेजरी को वह देख रही है, सुप्रीम कोर्ट और सीबीआई भी इसकी जांच कर रही है, लेकिन इस व्यवस्था में जो दीमक लग गयी है, उसके बारे में कौन विचार करेगा। तब मैंने कहा था कि आज आवश्यकता है मिलकर बैठने की, इकट्ठे बैठने की, सारी चीजों का विश्लेषण करने की। आज जहां आकर हम खड़े हो गए हैं, वहां से पूरी चीजों को सुधारने की जरूरत है। इसलिए मेरा आपसे कहना है कि इस टर्म को आप एक्सपैंड कीजिए। इसकी तीसरी टर्म आपने विभाग से संबंधित बना दी है, इससे काम नहीं चलेगा। एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी इस जेपीसी पर आई है। आज देश बहुत आशा भरी निगाह से देख रहा है। जब संसद नहीं चल रही थी, तो कहीं न कहीं लोगों में छटपटाहट थी कि क्या हो रहा है, लोकतंत्र का मंदिर बन्द क्यों है? इसलिए मैं आपसे कहना चाहती हूं कि आपके और हमारे मिलने से, हमने एक रास्ता निकाला है। पहले भी निकाला था। मैंने उस दिन प्रधानमंत्री जी के वक्तव्य पर रिस्पांड करते हुए कहा था कि यह भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती है कि हम जटिल से जटिल परिस्थिति में भी मिल-बैठकर रास्ता निकालते हैं। आज परिस्थिति जटिल ही नहीं विकट है और उस विकट परिस्थिति की सारी चीजों को हम समझें, उस विकट परिस्थिति से देश को कैसे निकाला जाए, इस पर विचार करें। यह मेरे और आपके उबरने का सवाल नहीं है, यह प्रतिपक्ष और सत्तापक्ष के उबरने का सवाल नहीं है, यह सवाल है देश को इससे उबारने का क्योंकि इस परिस्थिति में देश का आत्मबल कमजोर हो रहा है। लोगों को यह लग रहा है कि हम क्या करें, यह क्या हो गया? इसीलिए मैं आपसे बार-बार कहती थी कि जेपीसी का गठन कीजिए ताकि कुछ सीनियर लोग बैठें। आत्ममंथन के लिए बनी है जेपीसी, गहन चिन्तन के लिए बनी है जेपीसी, यह जेपीसी केवल 2जी स्पेक्ट्रम के आवंटन, प्राइसिंग और पॉलिसी की जांच के लिए नहीं बनी है। आप इसके टर्म्स ऑफ रेफरेंस को व्यापक करके इसको यह काम दीजिए, वरना जिसको भी आप चेयरमैन बनाएंगे, मैं कहना चाहूंगी कि जो मेंबर्स इसमें हों, वे आपस में तय करें कि देश को कैसे इस परिस्थिति से उबारना है, इसके लिए ठोस चीजें सुझाई जाएं और हम में वह ताकत है। हममें मिलकर-बैठकर सुलझाने की क्षमता है, हम उस क्षमता को निकालें और प्रणव दा जब आप इस दर्शन पर बात करते हैं, तो आपको गुस्सा कभी नहीं आता। आप जब इस दर्शन पर बात करते हैं, तो बहुत संजीदगी

से बात करते हैं, धीर-गंभीर बात करते हैं।...(व्यवधान) इसलिए मैं आपसे कहना चाहती हूं कि इस प्रस्ताव पर हम उसी धीर-गंभीरता से विचार करें।...(व्यवधान)

**श्री लालू प्रसाद (सारण):** अध्यक्ष महोदया, मैं एक क्लेरिफिकेशन चाहता हूं।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** लालू प्रसाद जी, आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**श्री लालू प्रसाद :** मुझे बोलने का मौका क्यों नहीं मिलेगा?...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** अभी नहीं बोलेंगे, अभी कैसे बोलेंगे। पहले उनको बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइए। उन्हें बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री लालू प्रसाद :** अध्यक्ष महोदया, मैं आपसे एक प्वाइंट पर क्लैरिफिकेशन चाहता हूं। यह कमेटी पूरे संसद की ज्वाइंट पार्लियामेंटरी कमेटी है।

उनकी जो भी फाइंडिंग आएंगी, क्या वे अंतिम होंगी या हाउस में उस पर डिसकशन भी होगा, हमें यह बता दें? यह सदन सुप्रीम है।

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** ठीक है।

**श्री लालू प्रसाद :** ठीक नहीं है, हमें बताएं।

**अध्यक्ष महोदया:** वह बता रही हैं।

**श्री लालू प्रसाद :** क्या हमारा मुंह बंद हो जाएगा, क्या सदन में इस पर डिसकशन नहीं होगा। हमारे 25-30 माननीय विद्वान सांसद बैठकर उसमें जो अपनी फाइंडिंग्स देंगे, मैं जानता हूं सारी बातों को, लेकिन मैं उचित नहीं समझता हूं कि इस स्टेज पर मैं कुछ कहूं। प्रणब बाबू, सरकार इसे क्लियर करे कि जब इस जेपीसी की रिपोर्ट आएगी तो क्या हम उसे हुबहू एडाप्ट कर लेंगे या उस पर हम सदन में भी डिसकस कर सकेंगे?

**मानव संसाधन विकास मंत्री तथा संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री कपिल सिब्बल):** डिसकशन होगा।

**श्री लालू प्रसाद :** खड़े होकर कहें।

SHRI PRANAB MUKHERJEE: The Report will be discussed. The House is supreme. So, it is obvious. … (*Interruptions*)

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** मैं लालू भाई से कहना चाहूंगी कि यह प्रश्न तो मेरे बोलने के बाद भी पूछा जा सकता था। मैं तो अपनी बात समाप्त करने ही वाली थी, तब आप अपना यह प्रश्न पूछ सकते थे, बीच में रोकने की क्या जरूरत थी और आपकी बात को उन्होंने क्लियर कर दिया है। मैं केवल इतना ही कहना चाहती हूं कि इस प्रस्ताव पर...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया:** लालू जी, आप बैठ जाएं, उन्हें बोलने दीजिए।

**श्री लालू प्रसाद :** आजकल मैं महिलाओं से ज्यादा बात नहीं करता।

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** पहले भी नहीं करते थे।

**श्री लालू प्रसाद :** मैं यह जानना चाहता हूं ...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) ...* *

**अध्यक्ष महोदया:** अब आप बैठ जाएं। सुषमा जी आप अपनी बात कहें।

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** मैं नहीं चाहती थी कि जिस संजीदगी से मैं इस बात को यहां रख रही हूं, उसमें किसी तरह की टोका-टाकी हो। मुझे दुख है कि इतनी धीर-गम्भीर बात में भी टोका-टाकी हुई है। मैं आपसे कहना चाहती हूं कि जिस धीरता और गम्भीरता की इस जेपीसी में आवश्यकता है, वैसे धीर-गम्भीर सदस्य इसमें पहुंचे हैं। इसलिए मेरा सभी से आग्रह है कि आप केवल इसकी टर्म्स को देखकर, अगर ये इसे एक्सपैंड कर दें तो बहुत अच्छी बात है, नहीं भी करें तो भी इस विकट परिस्थिति से देश को उबारने के लिए आप उपाय सुझाएं। उन ठोस उपायों को जब देश सुनेगा, तो यह गिरता हुआ विश्वास वापस लौटेगा और देश इस परिस्थिति से वापस आएगा, यह उम्मीद जताते हुए मैं अपनी बात समाप्त करती हूं और इस प्रस्ताव का समर्थन करती हूं।

* Not recorded

SHRI KAPIL SIBAL : Madam, Speaker I am grateful to have been given this opportunity to intervene in this debate. मैं सुषमा जी को कई वर्षों से जानता हूं। मुझे यह अनुभव भी है कि जब सुषमा जी सदन में खड़ी होती हैं तो वह...... * I withdraw. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: He is withdrawing.

… (*Interruptions*)

SHRI KAPIL SIBAL: I withdraw those words. I am sorry. … (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदया:** आप बैठ जाएं।

**श्री कपिल सिब्बल:** मैंने अपने शब्द विदड्रा कर लिए हैं।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया:** वह अपने शब्द वापस ले रहे हैं।

...(व्यवधान)

SHRI KAPIL SIBAL: Madam, Speaker I am sorry. I apologize. I did not mean any offence to her. … (*Interruptions*) मुझे याद है जब तहलका की बात उठी थी, क्योंकि सुषमा जी ने कई बार कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार से लिप्त है।

**15.00 hrs.**

मुझे याद है कि सीएजी की रिपोर्ट सदन में 16 नवम्बर को रखी गयी। उससे पहले ही अखबारों में चर्चा शुरु हो गयी कि यह सीएजी की रिपोर्ट है और ये आंकड़े हैं। उस समय सदन को और सरकार को कोई जानकारी नहीं थी कि सीएजी रिपोर्ट में है क्या? सरकार को अपनी बात कहने का कभी मौका नहीं मिला। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट में एक पिटिशन फाइल हो गयी और जब पिटिशन फाइल हुई तो यह चर्चा अखबारों और इलैक्ट्रोनिक मीडिया में शुरु हो गयी। लेकिन सरकार को कोई ऐसा मौका नहीं मिला कि हम अपनी बात जनता में रख सकें। उसके बाद विपक्ष के नेता लोग टेलीविजन में जाकर बोलने लगे कि यह सरकार भ्रष्ट है, 1 लाख 76 हजार करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है और इतना नुकसान हुआ है, जैसे कि जो सीएजी रिपोर्ट में लिखा है वह पूरी तरह से सही है। उस पर भी हमें बोलने का कोई मौका नहीं मिला, क्योंकि हमारे पास रिपोर्ट नहीं थी। उसके बाद 14 नवम्बर को जो पहले मंत्री थे, उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

* Not recorded

मतलब कि रिपोर्ट सदन में आने से पहले मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा।...(व्यवधान) उसके बाद क्या हुआ? ...(व्यवधान) मुझे अपनी बात कहने दीजिए। 16 नवम्बर को जब सदन के पटल पर रिपोर्ट रखी गयी तो हमने कहा कि डिस्कशन कर लो ताकि सरकार अपनी बात सदन में कहे और सदन के द्वारा देश की जनता को बता दे। आपने कहा कि सदन हम चलने नहीं देंगे। इस तरह से सारा विंटर सेशन नहीं चला और दो-ढाई महीने तक सरकार को अपनी बात कहने का मौका नहीं मिला। ...(व्यवधान) मुझे याद है और माननीय सुषमा जी ने उसके बारे में जिक्र भी किया था और जब तहलका का मामला चला था तो मुझे याद है कि कुछ दिनों के लिए सदन नहीं चला था। उस समय माननीय वाजपेयी जी ने एक एड्रेस टू द नेशन दिया था कि

> "Parliament is in Session. It is the forum in which these allegations should have been dissected. Unfortunately, Parliament has not been allowed to discuss them. "

**श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा):** हिंदी में बोलिये।

**श्री कपिल सिब्बल :** उन्होंने अंग्रेजी में कहा था, इसीलिए मैं अंग्रेजी में बात कह रहा हूं। "I am, therefore, here to talk directly to you to whom Parliament and all of us are responsible." वाजपेयी जी ने सही कहा कि अगर ऐसी बात, ऐसी चर्चा और ऐसी भ्रष्टाचार की बातें सामने आएं तो सदन में डिस्कशन होना चाहिए। अगर सदन की कार्रवाई को बंद किया जाता है, सदन की कार्यवाही चलने नहीं दी जाती है तो कहां सरकार और सांसद अपनी बात कहें और इसी कारण मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि माननीय सुषमा जी ने कहा कि जो संवैधानिक अथॉरिटीज हैं, हम उसके खिलाफ पब्लिकली बोलते हैं। मैं समझता हूं कि किसी भी संवैधानिक अथॉरिटी के खिलाफ पब्लिकली बोलना गलत है, ऐसा होना नहीं चाहिए। मुझे याद है कि 1 फरवरी 2002 को तहलका कांड हुआ और उसमें क्या हुआ? उसमें एक पैम्फलेट आर.वी.पंडित साहब ने निकाला और सारे सांसदों को भेजा गया। किसने भेजा, उस समय के डिफेंस मिनिस्टर साहब ने भेजा, पत्र लिखकर भेजा, फ्री भेजा और उसमें क्या लिखा गया - "What does one do when the culprit is the CAG?"

मैं सुषमा जी से पूछना चाहता हूं कि आप उस समय मंत्री थीं। आपको ऐसा नहीं लगा कि आपकी सरकार आक्रामक तरीके से सीएजी का उल्लंघन कर रही है।...(व्यवधान) यह बात आपको उस समय महसूस नहीं हुई। ...(व्यवधान)

**श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर):** ये पंडित जी कौन हैं?...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाएं।

…(व्यवधान)

**श्री कपिल सिब्बल :** मैं आपको अभी बताऊंगा कि पंडित जी कौन हैं। उस समय सोमनाथ दादा ओपोजिशन में थे। उन्होंने स्पीकर साहब को चिट्ठी लिखी, मैं आपको पढ़ कर सुनाऊंगा, जिससे कि आपको पता चल जाए कि आर.वी. पंडित कौन हैं। उन्होंने कहा - "My office provided Shri Pandit with available documents and also arranged for him to see one of the 150 aluminium cassettes imported by us." रक्षा मंत्री ने स्वयं सीक्रेट डाक्यूमेंट्स आर.वी. पंडित को दिए और आपको मालूम ही नहीं कि आर.वी. पंडित कौन हैं।...(व्यवधान)। उन्होंने चिट्ठी में लिखा कि "A perusal of the booklet by Shri Pandit reveals a single point agenda to malign the CAG and wide sections of the Press who made critical observations of the Defence establishments." ये आप कर रहे थे और आपकी सरकार कर रही थी। जार्ज फर्नांडिस साहब एनडीए के कन्वीनर थे।...(व्यवधान) समता पार्टी, गठबंधन सरकार थी।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप मंत्री जी को बोलने दीजिए।

…(व्यवधान)

SHRI KAPIL SIBAL: Madam, they are not allowing me… (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदया :** आप मंत्री जी की बात सुनिए।

…(व्यवधान)

**श्री कपिल सिब्बल :** अगर आप बात नहीं सुनेंगे, तो कैसे बात को समझेंगे।...(व्यवधान) This is not fair… (*Interruptions*) महोदया, अगर आप हिंदुस्तान का इतिहास देखें, खास तौर से बीजेपी का इतिहास देखें, जब-जब इन्हें मौका मिला कांस्टीट्यूशनल आथोरिटीज़ पर आक्रमण करने का, तब-तब इन्होंने आक्रमण किया। मैं आपको बताना चाहता हूं कि बेस्ट बेकरी केस में नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन ने एक पेटिशन सुप्रीम कोर्ट में डाली।...(व्यवधान) तब सुप्रीम कोर्ट ने उस पर टिप्पणी की।

> "BJP said today that it was perceived – the Commission – as anti-Hindu and a danger to the federal set up."

जब लिंडो साहब चीफ इलेक्शन कमिश्नर थे और उन्होंने निर्णय किया कि गुजरात में इलेक्शंस को डिले किया जाए तभी उन्होंने लिंडो साहब को बड़े आक्रामक तरीके से उनके बारे में प[illegible] बातें कहीं। इसलिए

मेरा कहने का मतलब यह है कि यह सही है कि हमें कोई आक्रामक तरीका नहीं दिखाना चाहिए। लेकिन अगर आप बीजेपी का आप इतिहास देखें तो बीजेपी हमेशा यही रवैया इस्तेमाल करती रही है।...(व्यवधान) अब इन्होंने कहा...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing else will go on record.

*(Interruptions) ...* *

MADAM SPEAKER: All this will not go on record.

*(Interruptions) ...* *

**श्री कपिल सिब्बल :** मैं एक छोटी सी बात कहना चाहता हूं। जो सीएजी की रिपोर्ट है, मैं समझता हूं कि वह बहुत ही महत्वपूर्ण है। 176 करोड़ का आंकड़ा उन्होंने दिया है। उन्होंने अपने तरीके से दिया है। 1,76000 करोड़ का जो आंकड़ा है, उसमें 36,993 करोड़...(व्यवधान) आप अगर मुझे बोलने नहीं देंगे तो डिबेट कैसे चलेगी?...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** कपिल जी, आप इधर एड्रैस करिए।

**श्री कपिल सिब्बल :** 36,993 करोड़...(व्यवधान)

SHRI YASHWANT SINHA (HAZARIBAGH): Madam, I am on a point of order.

MADAM SPEAKER: Which is the rule? First tell me the rule.

SHRI YASHWANT SINHA : This Report of the C&AG is before the PAC. Does it lie within the jurisdiction of the Minister to discuss the merits of that Report in the House? This is my point of order. This is already before a Committee. … (*Interruptions*) He cannot pronounce on the merits.

MADAM SPEAKER: Please sit down.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Show me the rule.

… (*Interruptions*)

SHRI KAPIL SIBAL: Madam, I am not going into the merits; I want to make it clear that I would not like to say anything on the merits of the CAG report; I just want to give the breakup so that the hon. Members of the Opposition are informed

---

* Not recorded

as to what the facts are. Rs. 36,993 crore is attributed to the spectrum that was given beyond 6.2 MHz. Now, during the NDA regime – this is in the Report – I am not saying anything; according to the Report… (*Interruptions*)

**श्री राजनाथ सिंह (ग़ाज़ियाबाद):** अध्यक्ष महोदया, बहस जेपीसी पर हो रही है, टू जी स्पैक्ट्रम पर नहीं हो रही है।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Please sit down.

… (*Interruptions*)

SHRI KAPIL SIBAL: The C&AG has himself calculated that spectrum given during the NDA regime beyond 6.2 MHz cost the nation Rs. 12,214 crore. That is the loss to the revenue that the NDA regime caused according to the C&AG, not according to me. It is a fact.… (*Interruptions*)

SHRI HARIN PATHAK (AHMEDABAD EAST): Are we going to discuss 2G Spectrum or JPC? हम जेपीसी पर बहस करेंगे। आप जेपीसी पर बोलिए।...(व्यवधान)

**श्री कपिल सिब्बल :** मैं बोल रहा हूं।...(व्यवधान)

**श्री हरिन पाठक :** जब टू-जी स्पेक्ट्रम पर चर्चा करनी है तो जेपीसी क्यों बनाई? ...(व्यवधान)

**श्री कपिल सिब्बल:** आपने भ्रष्टाचार की बात कही इसलिए मैं स्पष्ट करना चाहता हूं।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) …* *

**अध्यक्ष महोदया :** आप क्यों खड़े हो गए हैं?

...(व्यवधान)

**श्री कपिल सिब्बल:** सीएजी की रिपोर्ट से यह स्पष्ट है कि 12214 करोड़ का घाटा इन लोगों की वजह से हुआ।...(व्यवधान)

SHRI YASHWANT SINHA : What are we discussing? … (*Interruptions*)

SHRI T.R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Do not be panic. There is a lot more. Do not be panic now. … (*Interruptions*)

* Not recorded

SHRI HARIN PATHAK : What will these 20 Members in this JPC do? … (*Interruptions*)

SHRI T.R. BAALU :You close the discussion now. Everybody is agreeable for this JPC. All are agreeable for it. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record except what the hon. Minister is saying.

*(Interruptions) ...* *

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Hon. Minister, please speak on the JPC.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: He is speaking on the JPC.

… (*Interruptions*)

SHRI T.R. BAALU : Let us wind up this discussion and go for voting. Why are you being panic? … (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइए। उनको बोलने दीजिए।

…(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: He is speaking on the JPC only.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions) ...* *

**श्री कपिल सिब्बलः** भ्रष्टाचार पर बात हो रही है।…(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** सब बैठ गए हैं। लालू जी, अब आप भी बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**श्री लालू प्रसाद :** अध्यक्ष महोदया, मेरा प्रस्ताव है।…(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** अभी प्रस्ताव रहने दीजिए, उन्हें बोलने दीजिए।

---

* Not recorded

…(व्यवधान)

**श्री लालू प्रसाद :** महोदया, कमेटी का गठन हो गया, एनाउंसमेंट हो गई, कमेटी को जांच करने दीजिए और बहस बंद कीजिए।…(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइये।

…(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइये। जब आप बैठेंगे, तब वह बैठेंगे।

…(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions)* …*

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइये।

…(व्यवधान)

**श्री लालू प्रसाद :** इससे क्या होगा, कमेटी प्रभावित होगी, फेयर नहीं होगा, न्याय नहीं होगा। कमेटी प्रभावित होगी, कोई काम नहीं करेगा।…(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing is going on record. Nothing will go on record.

*(Interruptions)* …*

**अध्यक्ष महोदया :** कपिल सिबल जी, आप बोलिये। You please address the Chair.

---

* Not recorded

SHRI KAPIL SIBAL: Yes, Madam.

I merely wanted to point out that according to the calculations of the C&AG, because Sushma Swaraj Ji asked a question as to why Mr. Raja is in jail if he has not caused loss. So, if the BJP is responsible or the NDA is responsible for the loss, then who should be sent to jail? We must ask them the question. They must tell us. Now, Madam, let me tell you a fact which, probably, this House does not know. Right from 2003 to before the 3G spectrum was auctioned, till that date no company in this country has ever paid for spectrum. No company in this country has ever paid for spectrum.… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please just confine to JPC.

… (*Interruptions*)

SHRI KAPIL SIBAL: Now, they do not want to hear this. You do not want to hear this. That is why, you avoided the debate. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Mr. Baalu, will you please sit down?

… (*Interruptions*)

SHRI KAPIL SIBAL: Let me just inform you.… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Mr. Baalu, please sit down. Please take your seat.

… (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइये।

… (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदया :** आप क्यों खड़े हैं, आप बैठ जाइये।

…(व्यवधान)

SHRI KAPIL SIBAL: Madam, the point that I was making was that if the argument is if Mr. Raja gave spectrum free, he is the criminal. But if their Ministers gave spectrum free, it does not matter. That is the argument that is being made.… (*Interruptions*)

Please understand. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record. Except what the Minister is saying, nothing else will go on record.

*(Interruptions)* … *

MADAM SPEAKER: Please sit down.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Nothing else will go on record.

*(Interruptions)* … *

**अध्यक्ष महोदया :** कपिल सिबल जी, आप बोलिये। You please address the Chair.

… (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदया :** लालू प्रसाद जी, आप बैठ जाइये। वह यील्ड नहीं कर रहे हैं।

Mr. Minister, are you yielding?

SHRI KAPIL SIBAL: No.

MADAM SPEAKER: He is not yielding. You please sit down.

… (*Interruptions*)

SHRI KAPIL SIBAL: Because some facts have never been brought to the public domain…

SHRI JASWANT SINGH (DARJEELING): Madam Speaker, I am very grateful to the hon. Minister that he has yielded. He is of course perfectly free to say whatever he wishes to and put across to the House and whatever his viewpoint on the subject is. He is a learned Member of the House and he brings a great deal of legal understanding and experience.

We are discussing a Motion that has been moved by the hon. Leader of the House. The first item in the Motion is to examine policy prescriptions and their interpretation thereafter by successive governments. I had once in a private conversation with the hon. Leader of the House submitted that let even those days of NDA Government from 1998 be examined. What we are discussing is the contents of this particular Motion moved by the Leader of the House. While

* Not recorded

moving the Motion the Leader of the House as also the Leader of the Opposition spoke movingly of the total atmosphere of the Parliament and how the previous Session had got debilitated for various reasons.

CHAUDHARY LAL SINGH (UDHAMPUR): You are responsible.

SHRI JASWANT SINGH :I am responsible? Must be. But I personally feel… (*Interruptions*) No doubt, Madam, I am part of the total community. When an hon. Minister of the UPA most sadly was arrested, somebody asked what my views were. The same Minister had worked with us in NDA. I had then said quite honestly, which I repeat, that I am immensely saddened, I am extremely saddened because if a member of my community to which I belong – and this is the community , to which I belong – is arrested, somehow I am also diminished. This is what the Leader of the House and the Leader of the Opposition have also said.

I appeal to the hon. Speaker and the Minister just as a matter of procedure. I am not scoring a point. He alleged that the Government had no chance to comment on the C&AG's Report. This would be factually incorrect. Because the C&AG procedurally, is required to submit the draft report to the Ministry for their comments before it is made public or even presented to the House. Once the comments on the draft report are received, then the C&AG responds to them also. Therefore, for the hon. Minister to say that he had no chance to comment, is perhaps overstretching the point. He does overstretch. I may appeal to you, Mr. Minister that the Parliament is not a legal body; it is a legislative body. There is a very real but subtle difference between the two.… (*Interruptions*) If you just let me finish, I will not take your time.

Therefore, I appeal to you Madam Speaker that the discussion is on a Motion moved by the Leader of the House. I request you to please keep the discussion limited to that. Of course, the Minister is free to appear before the JPC with whatever charges he has to make and say whatever he wishes to say. But now is not the occasion to do so.

SHRI KAPIL SIBAL: I am deeply honoured by the advice given by my senior colleague.

I would not have brought any of these issues before this House but for the fact that the distinguished Leader of the Opposition deviated from the Motion that was sought to be passed. She talked about the Commonwealth Games, she talked about CVC, she talked about *bhrashtachar*, she talked about coalition. All that she talked about and that had nothing to do with this Motion. Therefore, I am duty bound to respond.

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइये। मंत्री जी आप बोलिये।

...(व्यवधान)

SHRI KAPIL SIBAL: She attributed to the Prime Minister a statement that the Prime Minister never made. The Prime Minister at no point ever has said that this Government has ever compromised with corruption. At no stage, he has said this. He only talked about the compulsions of coalition politics, like you had. As you remember, the defence portfolio was kept for somebody else. You also know for a fact that the environment portfolio at that time was also given to a coalition partner and he is sitting next to me. During your time, you know very well that the railways portfolio was also given to a coalition partner, who is with us now and was with you then. So, certain portfolios have always been, and these are common to all, given to coalition partners and that is all that the Prime Minister was saying because the Government of the day can decide on what Ministries they want and what Ministries they do not want, but the individual Ministers have to be decided by the coalition partner. That is all that the Prime Minister said and you said that he has said that he compromised with corruption. Is that a fair representation of what the Prime Minister said? I take strong objection to that. I want to put the record straight.

Then, you said that I have talked of a zero loss without even reading my statement. What did I say in the statement? I will place it on the table of this House. I said that the policy of the Government, which was initiated by the NDA

and proceeded with by the UPA-I and UPA-II, was that of first-come-first-served. That was the policy - जो आया, उसे दे दो। … (*Interruptions*)

**श्री यशवंत सिन्हा :** क्या दे दो?

**श्री कपिल सिब्बल :** जो आये उसे दे दो। ...(व्यवधान) इसकी शुरूआत आपने ही की थी।...(व्यवधान) यह शुरूआत आपने ही की थी।...(व्यवधान) This was the policy of 2003. So, Madam, I said that if this was the policy of the Government, there was no question of an auction. You cannot have a first-come-first-serve policy and also an auction. You can either have a first-come-first-serve policy or an auction. So, the C&AG has presumed that had there been an auction, and then he interpolated 3G prices as 2G prices and said that this is the kind of presumptive loss that would have been caused. That is what he said, and I said that since the question of auction does not arise and since spectrum … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record except what the hon. Minister says.

*(Interruptions) …* *

SHRI KAPIL SIBAL: I said that since the question of auction does not arise and since spectrum was always given free, the question of a loss does not arise. That is what I said. … (*Interruptions*) Now, let me tell you what I said because I have the transcript of what I said. The problem is that this is a nation of sound bite politics. This is what we believe in. I will show you what is it that I said. I said that 'by analyzing the presumptions of the C&AG, I brought the loss down to Rs. 17,755 crore.' … (*Interruptions*) Then, I said … (*Interruptions*)

**श्री नीरज शेखर (बलिया):** वे जेल में क्यों हैं? आप यह बताइये।...(व्यवधान)

**श्री कपिल सिब्बल :** मैं अभी बताता हूं।

Madam, what did I say? I brought down the so-called loss by assumptions that we made to Rs. 17,755 crore. Then I said 'but actually the loss is nil' and I

---

* Not recorded

will tell you how. What was allocated was 4.4 MHz as start up spectrum for which there was no charge – neither in 1999, nor in 2001, nor in 2003, nor in 2005, nor in 2007 and nor in 2010. The TRAI's recommendation throughout – in October 2003, 2005, 2007 and on May 11, 2010 – says right from 1999 that 4.4 MHz is start up spectrum. It comes bundled with the licence. That is what happened in 2007 also that 4.4 MHz of spectrum was given to every licenceee, which was bundled with the licence. Nobody ever charged for it right from 2003 to 2007. So, the question of loss does not arise because there was no question of an auction.

It is because there is no question of auction. What is wrong with it? … (*Interruptions*) The Leader of the Opposition said that : "I had said Nil loss". … (*Interruptions*)

SHRI YASHWANT SINHA : Do not drive the JPC. … (*Interruptions*)

**श्री गणेश सिंह (सतना):** इतना बड़ा स्कैन्डल हुआ है और ये कहते हैं कि कुछ हुआ ही नहीं है। ...(व्यवधान)

**श्री निशिकांत दुबे :** मेरा पॉइंट ऑफ आर्डर है। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप रूल नंबर और पेज नंबर बताइए।

…(व्यवधान)

**श्री निशिकांत दुबे :** यह कॉल एंड शकधर के पेज नंबर 964, पैरा नं. 2 पर है। It states : "Where allegations are made in the House against a particular political party, the leader or the Chief Whip of that Party or Group in the House is permitted to make a statement in regard thereto…"

**अध्यक्ष महोदया :** आप रूल नंबर और पेज नंबर बताइए।

…(व्यवधान)

SHRI NISHIKANT DUBEY : It is on page no. 964, paragraph two from Kaul and Shakdher. … (*Interruptions*)

SHRI YASHWANT SINHA : If he is trying to level allegations, then he has to give advance notice. … (*Interruptions*)

SHRI NISHIKANT DUBEY : Yes. It states : "Where allegations are made in the House against a particular political party …" … (*Interruptions*)

SHRI GURUDAS DASGUPTA (GHATAL): If everything is right, then why did you form the JPC? … (*Interruptions*)

SHRI KAPIL SIBAL : I have never said it. I have quoted from the transcript. … (*Interruptions*)

SHRI YASHWANT SINHA : Madam, I will request the Leader of the House to take back his Resolution. We do not want it. … (*Interruptions*) It is not a charity that they are giving us. It is not charity. … (*Interruptions*) क्या हम लोग यहाँ पर भीख मांग रहे हैं?

SHRI NISHIKANT DUBEY : He is making an allegation against a political party. … (*Interruptions*)

SHRI YASHWANT SINHA : We do not want this JPC. … (*Interruptions*) कोई मतलब नहीं है। ...(व्यवधान) The present Minister has already come to the conclusion. … (*Interruptions*)

SHRI NISHIKANT DUBEY : He cannot speak like this. … (*Interruptions*)

**श्री निशिकांत दुबे :** महोदया, लोक सभा डिबेट्स 11.2.1967 में स्पीकर की यह रूलिंग है। 11 फरवरी, 1967 को डिबेट हुई थी और स्पीकर की यह रूलिंग है कि किसी भी पोलिटिकल पार्टी के खिलाफ आप कोई एलिगेशन नहीं लगा सकते हैं बिना किसी जानकारी के या परमीशन के। जब स्पीकर उसको अप्रूव करेंगे, तभी वह माना जाएगा। यह 11 फरवरी, 1967 की रूलिंग है।

SHRI PRANAB MUKHERJEE : Madam, I would like to request the hon. Members that this is a consensus Motion. Myself and the Leader of the Opposition just explained the background as to what happened before it. A lot of background work was done before taking this initiative, and a lot of consultations took place. Therefore, in that context we explained that this should not be repeated, namely, the unfortunate event that happened during the Winter Session. Hence, we collectively decided to bring this Motion for adoption because it is technically required. The House can express its decision on a substantive Motion, and the

normal practice is that it is being adopted with a very short discussion only. There is no scope of any elaborate debate or discussion on this.

But unfortunately, it has happened. Therefore, my request to all the hon. participants would be that they should talk about the JPC itself and also its Terms of Reference.

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ (VIDISHA): Let Shri Kapil Sibal know that. … (*Interruptions*)

SHRI KAPIL SIBAL : I deeply respect what the Leader of the House has stated. The reason why I said what I said was because I wanted to place before the House as to why the BJP did not want a debate. Had there been a debate, all that I have said would have been before you. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Now, I give the floor to Shri Rewati Raman Singh.

SHRI KAPIL SIBAL: Therefore, I commend this Motion to the House, and I thank the hon. Speaker for allowing me to intervene.… (*Interruptions*)

**श्री आर.के.सिंह पटेल (बांदा):** माननीय अध्यक्ष महोदया, पिछड़ी जातियों की जनगणना का क्या हुआ? इन घोटालों में वह दबी जा रही है...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions)* … *

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

* Not recorded

**श्री रेवती रमण सिंह (इलाहाबाद):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर बोलने के लिए अनुज्ञा दी है।

महोदया, आज इस सदन में एक महत्वपूर्ण बिन्दु पर एक प्रस्ताव आया है। जेपीसी के गठन के बारे में सरकार ने घोषणा की है, लेकिन उस पर जो बहस होने लगी है, वह हम समझ नहीं पा रहे हैं। हमारी बुद्धि में नहीं आ पा रहा था कि क्या बहस हो रही है? जेपीसी की जांच होने के बाद यह चर्चा होती, तब तो ठीक लगता। अब ये कह रहे हैं कि ये नहीं होना चाहिए। ये उसको कह रहे हैं, इन्होंने कहा है। भाजपा और कांग्रेस के लोग इसके ऊपर नूरा कुश्ती कर रहे हैं। कह रहे हैं कि वहां इन्होंने घपला किया, ये कह रहे हैं, उन्होंने घपला किया। घपला किसने किया, जेपीसी जांच करेगी। पीएसी में भी जांच हो रही है। मंत्री जी सफाई दे रहे हैं।

**<u>15.43 hrs.</u>**

*(Shri Francisco Cosme Sardinha in the Chair)*

मंत्री जी, मैं आपसे एक आग्रह करूंगा, आप सीएजी रिपोर्ट पर सहमत थे या नहीं थे, लेकिन आपको सार्वजनिक रूप से एक संवैधानिक संस्था पर हमला नहीं बोलना चाहिए था। आपने हमला बोलकर मर्यादा को भंग करने का काम किया है। आप अभी कोट कर रहे थे कि उधर के लोगों ने भी किया है। किया है तो क्या वही गलत काम आप भी करेंगे? इस तरह की बात आपको सार्वजनिक रूप से नहीं करनी चाहिए। यह मेरा आपसे आग्रह है कि जो संवैधानिक संस्थाएं हैं, उन पर किसी भी पार्टी को हमला करने का कोई औचित्य नहीं है।

महोदय, प्रणव दादा ने कहा कि अभी हमारे पड़ोसी देश में जो हुआ, कहीं उसका रिपीटेशन यहां न हो जाए। भारत को आजाद हुए आज 63 साल हो गए हैं और उसका रिपीटिशन इस देश में कभी नहीं हो सकता है। यहां प्रजातंत्र की जड़ें गांव से लेकर दिल्ली की संसद तक बहुत गहरी हैं। आपने पड़ोसी देश का हवाला दे दिया। लेकिन उस पड़ोसी देश में प्रजातंत्र था ही नहीं।

वहां पर अगर मिलिट्री ने वैसा किया तो वह स्वाभाविक था। आज भी वहां प्रजातांत्रिक तरीके से सरकार बनी है, लेकिन अभी भी वहां असली पावर मिलिट्री के पास है। मिलिट्री जो चाहती है, वही उन्हें करना पड़ता है। आप कितना भी प्रोटेस्ट करें, आपकी बात को न मानने का कारण यही है। आप इतने सीनियर एवं अनुभवी आदमी है, पार्लियामेंट नहीं चली तो आपने यह बोल दिया कि वैसा खतरा यहां भी पैदा हो सकता है, यह बात अच्छी नहीं लगी। ...(व्यवधान) प्रणब दा ने यह बोला।...(व्यवधान)

SHRI PRANAB MUKHERJEE : I did not say that here it would happen. What I said was: “Historically, it is true that when democratic institutions fail to function, extra-constitutional authority may come.” I did not say that here, there would be military rule.

**श्री रेवती रमण सिंह :** प्रणब दा, जिस बात की पहले दिन से पूरा विपक्ष मांग कर रहा था, उसे अगर आपने मान लिया होता तो इसकी चर्चा गांव-गांव में न होती। कल श्री मुलायम सिंह जी ने इस हाउस में कहा कि इसकी चर्चा अब गांव-गांव में हो चुकी है कि 2जी स्पैक्ट्रम क्या है। पहले कोई जानता ही नहीं था कि 2जी स्पैक्ट्रम क्या है, लेकिन आज लोग जान गए हैं। जेपीसी नहीं बन रही है, 2जी स्पैक्ट्रम क्या है, टेलीफोन का कोई घोटाला है। गांव तक में यह बात पता चल गई है। इतने दिन तक जो टाइम वेस्ट हुआ, आपने माना, देर आए, दुरुस्त आए। अगर इसी बात को आपने पहले मान लिया होता, इतने दिन तक जो विंटर सैशन नहीं चला, आप कहते हैं कि अपोजिशन की जिम्मेदारी है, लेकिन कोई भी सरकार हो, चाहे आपकी हो या इधर के लोगों की रही हो, जिम्मेदारी सब की होती है। सरकार, सरकार होती है, सरकार की जिम्मेदारी अपोजिशन से ज्यादा होती है। आपने अपने दायित्व का निर्वहन नहीं किया और दायित्व का निर्वहन न करने की वजह से आप जो दोष अपोजिशन पर मंडना चाहते हैं, वह उचित नहीं है। उसमें आप भी सहभागी हैं और ज्यादा जिम्मेदारी आपकी थी। कई दिन तक विंटर सैशन नहीं चला। जेपीसी चार बार पहले भी बनाई जा चुकी है, आप यह कोई नयी नहीं बना रहे हैं। जेपीसी बनने से कोई आसमान नहीं गिर पड़ता और न ही गिरेगा। जांच होगी और जांच होने के बाद जो दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्यवाही होगी, इतना ही होगा। उसमें कोई चार्ज नहीं लगा रहा था, ये भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है कि किसी केन्द्रीय मंत्री को जेल जाना पड़ा। ये मामूली बात नहीं है। हमारे संसदीय इतिहास में किसी देश में इस तरह की घटना नहीं घटी, कम से कम भारत में, कि किसी केन्द्रीय मंत्री को इस्तीफा देना पड़े और जेल जाना पड़े।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं, यह जरूर है कि आज जो हम संसद में करते हैं, उसका सीधा असर आम जनता पर पड़ता है। आज किसी भी नेता के बारे में आम जनता में अच्छी राय नहीं है। उसका कारण हम लोग स्वयं हैं, हमने अपनी मर्यादा खुद गिराई है। ये सदन संविधान, मर्यादा या परम्पराओं से चलता है, जो परम्परा पहले बनी है, जो मर्यादाएं हैं, उसी पर यह सदन चलता है। अगर ये मर्यादा और परम्परा पहले थी तथा संविधान में यह प्रदत्त है तो फिर इसे पहले बनाने में आपको क्या दिक्कत थी? आपने जेपीसी बनाई, इसका मैं स्वागत करता हूं। अगर आपने यह काम पहले कर दिया होता

तो आज जिस परिस्थिति में इतनी कटुता पैदा हो गई, वह नहीं होती। लेकिन मैं इतना जरूर कहूंगा कि आगे कटुता न पैदा करिए। मैं इनसे और आपसे भी आग्रह करूंगा कि संसद को चलने दीजिए
आप बहस होने दीजिए। यह संसद बहस करने के लिए ही बनी है, अपनी बात कहने के लिए ही बनी है, चाहे विपक्ष कहे, चाहे पक्ष कहे, ये सदन में अपनी बात कहें। यह सदन इसलिए नहीं बना है कि यहां पर आरोप-प्रत्यारोप हम एक दूसरे पर लगायें, कीचड़ उछालें, यह काम सदन में नहीं होना चाहिए। मर्यादा के भीतर ही बात कहनी चाहिए, चाहे हम हों, चाहे आप हों।

मैं आपसे आग्रह करूंगा कि जो लालू जी ने कहा कि जब जे.पी.सी. का गठन हो आया, एक प्रस्ताव आया और अब गठन हो जायेगा तो उस पर आज चर्चा क्यों हो रही है, जब जे.पी.सी. की रिपोर्ट आ जाये, तब आप इस पर चर्चा कराते। आज चर्चा का औचित्य क्या है, यह हमको समझ में नहीं आ रहा है। जब जे.पी.सी. की रिपोर्ट आये, उस पर चर्चा कराइये और सभी मैम्बरों को उसमें बोलने का मौका मिल पाये, तब तो आपकी बात ठीक लगती है।

मैं इन्हीं शब्दों के साथ जे.पी.सी. के गठन का समर्थन करता हूं।

**श्री लालू प्रसाद :** हमको बुलवाइये न, हमको ट्रेन पकड़नी है।...(व्यवधान)

**श्री दारा सिंह चौहान (घोसी):** आपकी ट्रेन तो छूट गई।

माननीय सभापति जी, आपने मुझे प्रणव दॉ के महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर बोलने का अवसर दिया, जिस सवाल को लेकर काफी देर से दोनों तरफ से चर्चा हो रही है। मैं देख रहा था, जो हंगामा खड़ा हुआ, इसका औचित्य मुझे समझ में नहीं आ रहा था। चूंकि घोटाले को लेकर जो संसद में गतिरोध कायम था...(व्यवधान) घोटाले को लेकर संसद में पिछले सत्र में जो गतिरोध कायम था, उस गतिरोध को खत्म करने के लिए...(व्यवधान)

**श्री लालू प्रसाद :** नहीं, महोदय, इनका कमेटी में नाम है, ये चर्चा में पार्टीसिपेट कैसे कर रहे हैं। यह बेकार की बात है। आप दूसरों को बुलवाइये।...(व्यवधान)

**श्री दारा सिंह चौहान :** हम इस पर बोल सकते हैं।...(व्यवधान)

**श्री लालू प्रसाद :** नहीं बोल सकते।...(व्यवधान)

**श्री दारा सिंह चौहान :** सभापति जी, यह जांच का विषय नहीं है...(व्यवधान) संसद में जो गतिरोध कायम था, उसको खत्म करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष और सदन के नेता माननीय प्रणव दॉ ने कई बार काफी प्रयास किया कि गतिरोध को खत्म कर दिया जाये और प्रस्ताव भी माननीय नेता सदन की तरफ से आया कि इस पर विस्तार से चर्चा हो जाये कि जे.पी.सी. का गठन होगा या नहीं होगा। चूंकि घोटाले तो बहुत हुए...(व्यवधान)

**श्री लालू प्रसाद :** यह मामला अब आपके अंडर आ गया।...(व्यवधान)

**श्री दारा सिंह चौहान :** मैं जांच की बात नहीं कर रहा हूं।...(व्यवधान)

**श्री लालू प्रसाद :** अब यह आपके अंडर आ गया, now you are the judge....(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी):** माननीय लालू जी ने एक सवाल उठाया। आप उस पर रूलिंग दीजिए कि जे.पी.सी. में जिसका नाम है, अभी तक यह परम्परा रही ही कि वह भाषण नहीं देता है। इनका नाम जे.पी.सी. में है, ये भाषण कैसे दे सकते हैं, आप इस पर रूलिंग दीजिए, बताइये, व्यवस्था दीजिए। ...(व्यवधान)

**श्री लालू प्रसाद :** ये इस पर कैसे बोलेंगे?...(व्यवधान)

**श्री दारा सिंह चौहान :** मैं यह कह रहा था कि जब नेता सदन ने चर्चा करानी चाही तो लोग इस पर चर्चा करने को तैयार नहीं हुए, लेकिन आज मैं देख रहा हूं कि जब जे.पी.सी. का गठन हो गया, आपने एनाउंस कर दिया तो फिर इतनी लम्बी चर्चा का मुझे मतलब नहीं समझ में आ रहा है। ठीक है, प्रस्ताव जरूर हुआ, उसका अनुमोदन करने की जरूरत थी, लेकिन चार घंटे तक इस पर बहस में हिस्सा लिया जाये, यह

औचित्य मुझे समझ में नहीं आ रहा है, इसलिए मैं चाहता हूं कि गठन को लेकर तमाम सारे सवाल उठे हैं। अब मैं गम्भीरता से यह सवाल उठाना चाहता हूं कि इसमें किसी की हार-जीत का सवाल नहीं है। मेरी पार्टी का मानना है कि जे.पी.सी. का गठन हो गया तो किसी की हार और जीत का सवाल नहीं है, बल्कि जनहित और देशहित में गम्भीरता से काम करने की जरूरत है।

मैं बस इतना ही कहना चाहूंगा।

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : No comments please.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please speak when you get your time.

… (*Interruptions*)

**श्री शरद यादव (मधेपुरा):** सभापति जी, जो प्रस्ताव आया है, उसके समर्थन में खड़ा हुआ हूं। प्रणव बाबू ने …(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, please maintain silence. Please do not disturb.

… (*Interruptions*)

**श्री दारा सिंह चौहान :** औचित्य का जो सवाल खड़ा हो रहा है कि कोई मेंबर इस पर बोल ही नहीं सकता। …(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please continue your speech.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please sit down.

… (*Interruptions*)

**श्री शरद यादव :** बोल सकते हैं। …(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** मुझे बोलने से रोका गया था। …(व्यवधान)

**श्री शरद यादव :** यह सही नहीं है। कोई भी बोल सकता है। उस पर बहस नहीं हो रही है।

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** माननीय सभापाति महोदय, इस पर फैसला पीठ की ओर से आना चाहिए। आप व्यवस्था दीजिए। …(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please sit down.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please address the Chair and start your speech.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please do not disturb him.

… (*Interruptions*)

**श्री शरद यादव :** प्रणव बाबू ने इसमें जो सवाल छेड़े हैं, उनके बारे में मुझे कुछ कहना है। मैं मानता हूं कि राज्य की विधानसभाओं में हालात डिटीरियोरेट हुए हैं, खराब हुए हैं। लेकिन जो लोकसभा है, संसद है, इसमें वर्षोंवर्ष हमने देखा है कि इन सारे मामलों पर चाहे प्रणव बाबू की पार्टी हो या हमारी पार्टी हो, क्योंकि यह सौ करोड़ लोगों की सभा है और इसमें बेचैनी बाकायदा रेफलेक्ट होती है। इसका कारण है कि क्षेत्रीय पार्टियां बढ़ गयी हैं। कल ही यहां तेलंगाना मुद्दे पर सदन स्थगित हो गया। जेपीसी के गठन की जो बात है, मैं मानता हूं कि बहुत अच्छी तरह से विस्तारपूर्वक हमारे और आपके बीच में इस संबंध में

बहस हुयी। अभी कपिल सिब्बल जी कह रहे थे कि हम इस पर हम नहीं बोल पाए, लेकिन जितनी इस पर बहस हुयी, उतनी किसी और चीज पर नहीं हुयी। हो सकता है कि इस पर सदन में बहस न हुयी हो, लेकिन सदन के बाहर बहुत विस्तार से बहस हुयी। मैं उस बहस पर नहीं जाना चाहता हूं। जब रिपोर्ट आ जाएगी, तब उस पर बहस हो, तो ज्यादा ठीक है। मैं इतना ही कहूंगा कि लोकतंत्र में इस सदन में जनता के सवालों को लेकर लड़ाई होती है। प्रणव बाबू तीन-चार मीटिंग आपने कीं, आपने प्रयास किया लेकिन चार बार की मीटिंग में आप चुप ही बैठे रहे। आपने हमारी सारी बातों की टोटलिटी में कह दिया कि हम आपकी बात नहीं मानते हैं। उसके चलते भी देश की जनता में इसकी चर्चा हुयी, बहस हुयी। सुषमा जी और आपने जो बहस चलायी, इस पर कपिल सिब्बल जी बोल रहे थे और वह इस बहस को पूरी तरह से जेपीसी के मुद्दे पर ही ले आए। उन्होंने ऐसी-ऐसी बातें कह दीं, जो वाजिब नहीं हैं। वह मान रहे हैं कि यह हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का चैम्बर है। यह राजनीति है। आपने कई तरह से काम किए हैं, जो आपको नहीं करने चाहिए थे।

**16.00 hrs.**

आप मंत्री हैं। जब जेपीसी की डिबेट आएगी तब आप उसे जरूर अपने सदस्यों को दे सकते हैं और यहां खुद बोल सकते हैं। लेकिन उससे पहले आपने जो बहुत सी बातें कही हैं, वे वाजिब नहीं हैं। हो सकता है कि आप जो कह रहे हैं, भ्रष्टाचार बिल्कुल नहीं हुआ।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, please address the Chair.

… (*Interruptions*)

**श्री शरद यादव :** मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आपके जो तर्क हैं, उससे सरकार के तर्क खराब होते हैं। एक मंत्री का इस्तीफा हो गया है। केस चल रहा है और वे जेल चले गए हैं। अगर आपको इस बात पर यकीन और विश्वास है, तो आपको इस्तीफा दे देना चाहिए कि नहीं, यह ठीक नहीं हुआ। प्रणब बाबू, मैं आपसे कहूंगा कि लोक सभा में निरंतर बहस इतनी ज्यादा हुई है, जिसका अंदाजा नहीं हो सकता। कुछ लोगों का मत है कि राजनीतिक लोगों की साख बहुत गिर गई है, लेकिन मैं मानता हूं कि इस बार सरकार का इकबाल घटा है। अगर आप जेपीसी की मांग पहले मान गए होते तो आपका इकबाल ज्यादा बड़ा होता। लेकिन अच्छा हुआ कि आप देर से माने। इससे हमें लाभ है। हमें देश को समझाने का मौका मिला। भ्रष्टाचार सिर्फ 2जी स्पैक्ट्रम में नहीं है, पूरा देश तबाह है। कदम-कदम पर लूटने वाले लोग हैं, कदम-कदम पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है। जब लड़ाई होती है तब किसी न किसी को पकड़ना होता है। उसी में 2जी स्पैक्ट्रम सीएजी के चलते मुद्दा बन गया। वैसे हमने इसे पहले तीन बार उठाया। हमने इसे गहराई से पढ़ा है। आपका बयान भी बहुत गहराई से पढ़ा है। उसकी ध्वनि में यही निकलता है कि कोई ऐसी बात नहीं हुई। प्रणब बाबू यहां बैठे हुए हैं। जब श्री बालू ने कहा कि यह जांच वर्ष 1998 से होनी चाहिए, हम पहले व्यक्ति थे जिसने कहा कि कीजिए। उस सरकार में हम लोग भी थे यानी हमारी नीयत यह है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ एक कारगर लड़ाई हो जिसमें आप और हम सब शरीक हों। इसलिए यह मामला 2जी स्पैक्ट्रम का नहीं है, पूरे देश में भ्रष्टाचार जम गया है।

आपने कहा कि सौ दिन में विदेशी पैसे वापिस ले आएंगे। दिक्कतें हैं, नहीं हो पाया, लेकिन उसकी बहस चली गई। मैं आपसे यही कहूंगा कि आपने जेपीसी की जो मांग मानी है, इसमें आपने उदारता दिखाई है।...(व्यवधान) मैं कहना चाहता हूं कि यदि इसमें सीडब्ल्यूजी भी रख लेते तब भी देश का बहुत हित होता। प्रणब बाबू, मैं एक बात और कहना चाहता हूं। सुषमा जी ठीक कह रही थीं कि हमने सदन बंद कर दिया, हमने कर दिया या आपने कर दिया, उस बात को छोड़ दीजिए। 2जी स्पैक्ट्रम को कोर्ट ने अपने हाथ में ले लिया है, वह जांच कर रही है। उसमें हमारा और आपका कोई हाथ नहीं है। कोर्ट ने कह दिया है कि हम देखेंगे। वह डंडा लेकर बैठी तब कहीं 2जी स्पैक्ट्रम वाले मामले में गिरफ्तारियां हुईं और काम तेजी से बढ़ा। मैं मानता हूं कि सीडब्ल्यूजी के बारे में सरकार ने कार्य किया। लेकिन सरकार में एक व्यक्ति कह रहा है कि मेरा 5 प्रतिशत शेयर था, बाकी लोगों का 95 प्रतिशत है। मैं आपसे यही निवेदन करूंगा कि यदि आपने टर्म्स ऑफ रैफरैंस, ये संस्थाएं पूरी तरह से कमजोर हो रही हैं। मैं मानता हूं कि आज चुनाव आयोग मजबूत है। बीच-बीच में अदालतें लड़खड़ाई थीं, लेकिन आज जो अदालत है, वह सक्रिय है और किसी दौर में भी स्वतंत्र रही है।

अच्छा किया या बुरा किया, मैं नहीं कह रहा। वह स्वतंत्र रही हैं। हमारे पास कई संस्थाएं हैं, जैसे सीबीआई है। सीबीआई जब कोर्ट के दायरे में आ गयी, तो कैसे बढ़िया काम कर रही है। क्या कारण है कि जब आपके पास थी, आपने बहुत पहले से इंक्वायरी करा कर रखी है। आपने सीबीआई के हाथ में यह काम बहुत दिनों से सौंप रखा है। पहले ऐसी तेजी क्यों नहीं आयी? कोर्ट के हाथ में आने से कैसे तेजी आ गयी? इसलिए जो जांच एजेंसी है, उसकी स्वायत्ता के मामले में भी टर्म्स ऑफ रेफरैंस होनी चाहिए। जो संस्थाएं कमजोर हो रही हैं, प्रणब बाबू, आप रहें, चाहे हम रहें, उनको मजबूत करने का कोई रास्ता होना चाहिए। इसमें नहीं करना है, तो फिर से सबको बुलाकर कोई रास्ता निकालिए।

**16.06 hrs.**

*(Dr. Girija Vyas in the Chair)*

सभापति महोदया, अभी सीवीसी का मामला था। दो-तीन सीवीसी बहुत बढ़िया थे। अब थॉमस साहब हटने को तैयार नहीं हैं। वे न आपका कहना मान रहे हैं और न ही हमारा कहना मान रहे हैं। वह बैठ गये हैं और उन्हें हम हटा नहीं सकते, ऐसी हालत है। तीन आदमी क्यों रखे गये थे? वे आम सहमति के लिए थे। मैं इस बारे में ज्यादा नहीं कहना चाहता। मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि इसमें जो टर्म्स ऑफ रेफरैंसेज हैं, वे 2जी के हैं। जांच की संस्थाओं के बारे में कोई इंतजाम करें। यह लूट कोई दिल्ली भर में नहीं हो रही है, स्टेट्स में भी लूट हो रही है। आजकल जमीन में सबसे ज्यादा घपला हो रहा है। सारे एनसीआर की तीन लाख हैक्टेयर जमीन चली गयी है। आज सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार जमीन में हो रहा है यानी जमीन के सौदों में हो रहा है। 2जी स्पेक्ट्रम एक तरह से ऐसा कदम हो जाये कि भ्रष्टाचार के ऊपर एक हल्ला बोल हो जाये। यह राजनीतिक लोगों के ऊपर नहीं है। कुछ लोग कह रहे हैं कि राजनीतिक लोगों की साख बहुत घट गयी है। मैं इस बात को नहीं मानता हूं। इस सदन में 90 फीसदी वे लोग हैं जो दर्द और सच्चाई से भरे हुए हैं। हां, इनको चारों तरफ बदनाम करने का खेल चला हुआ है। चाहे कॉरपोरेट्स हों या आपका इलैक्ट्रानिक मीडिया हो, वह कभी-कभी अच्छा काम करता है, लेकिन यह काम बहुत बुरा करता है। वह जरा सी बात को बहुत विस्तार से बताता है। मैं इसमें केवल इतना ही निवेदन करना चाहता हूं कि 2जी स्पेक्ट्रम आपके रिज़ीम में, आप लीडर हैं, आपकी सरकार है, आपके जमाने में ऐसा कदम उठ जाये, कि न तेरी रहे और न मेरी रहे। ऐसा कदम उठ जाये कि भ्रष्टाचार करने वाले को लगे कि अब खैर नहीं है, अब आगे नहीं चलेगा। इसके टर्म्स ऑफ रेफरैंस में यह जरूर होना चाहिए। भारत की जो संस्थाएं कमजोर हो रही हैं, वे आप कर रहे हैं, हम कर रहे हैं या राजनीति कर रही है, लेकिन उन संस्थाओं को मजबूत होना चाहिए। अब ब्यूरोक्रेट्स हैं, ज्युडिशियरी है, मीडिया है, हम लोगों को छोड़कर कोई भी अकाउंटेबल नहीं है। पार्लियामैंट के मैम्बर्स अकाउंटेबल हैं, मिनिस्टर्स अकाउंटेबल हैं और कोई अकाउंटेबल नहीं है।

प्रणब बाबू, आप सिर पर हाथ धर कर बैठे हैं। यह नहीं चलेगा। सब फ्री हैं, आजाद हैं। अगर 2जी स्पेक्ट्रम नहीं होता तो कॉरपोरेट वाले हम लोगों का जीना मुश्किल कर देते। कपिल सिब्बल जी, ये कारपोरेट्स हैं, इनको थोड़ा सा बुला-बुलाकर, डुबो-डुबो कर ठीक कीजिए । थोड़ा-बहुत चंदा देकर इनका दिमाग और माथा खराब हो गया है। लोगों ने इनको चुना है यानी राज इनको करना चाहिए।...(व्यवधान)

**मानव संसाधन विकास मंत्री तथा संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री कपिल सिब्बल):** वर्ष 2003 से ये बड़ा चंदा दे रहे हैं। ...(व्यवधान)

**श्री शरद यादव :** जी हां। आप जानते हैं कि सब चंदा चवन्नी दे रहे हैं और खा रहे हैं अरबों रुपये।

**सभापति महोदया :** यादव साहब, आपका समय पूरा हो गया है।

**श्री शरद यादव :** इसलिए मैं कहूंगा कि टर्म्स ऑफ रेफरैंस में, प्रणब बाबू, आप उस्ताद आदमी हैं, इस बारे में कोई नतीजा, तरीका निकालिए।

जो संस्थाएं कमजोर हो रही हैं, उनको मजबूत किए बगैर 2जी स्पेक्ट्रम पर बहस हो जाएगी, लेकिन आगे कुछ होने वाला नहीं है। आपने एक अच्छा कदम उठाया है, एक मोर्चे पर आप सफल हुए हैं, लेकिन अभी सीडब्ल्यूजी है, आदर्श सोसाइटी घोटाला है, पूरे देश में रेल और फौज की जमीन बेची जा रही है। ...(व्यवधान) मैं इन्हीं बातों को साथ अपनी बात समाप्त करता हूं।

महोदया, इसके साथ ही मेरा अनुरोध है कि आप कानून के अंदर, रूलिंग के अंतर्गत जो लोग जेपीसी में आ गए हैं, क्या वे इस पर बोल सकते हैं या नहीं, वह नियम भी एनाउंस कर दें।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY ( KOLKATA UTTAR): Madam Chairman, I rise to support the Motion for appointment of a Joint Committee. It will examine policy prescriptions and their interpretation thereafter by successive Governments, including decisions of the Union Cabinet and the consequences thereof, in the allocation and pricing of telecom licenses and spectrum from 1998 to 2009; it will examine irregularities and aberrations, if any, and the consequences thereof in the implementation of the Government decisions and policy prescriptions from 1998 to 2009; and it will make recommendations to ensure formulation of appropriate procedures for implementation of laid-down policy in the allocation and pricing of telecom licences.

I had the privilege to attend all the meetings of the leaders of political parties which were called by the Leader of the House, Shri Pranab Mukherjee at least thrice and by the hon. Speaker twice. At that time it was discussed that this proposal for a JPC be tabled on the floor of the House and I particularly said in the meetings that let us hear Shrimati Sushma Swaraj, who is a very good orator, and Shri Pranab Mukherjee, and then a decision be taken about the formation of the JPC. Ultimately, it was not accepted and the whole Winter Session was disrupted. It is a matter of shock which would haunt us every moment. But ultimately with the intervention of the hon. Prime Minister, it has come up.

We should know that the total number of telephones now operating in the country is more than 723 millions. In the targeted plan, the target was 600 millions to be achieved by 2012. But that has been already achieved. It is due to tough competition. The competition that exists is so tough that automatically corruption will take place in such cases. So, the question of corruption has come up.

We are the second largest partner of the UPA-II Government. We want to assure that as a partner of the Government or as an ally, we will not ever be the cause of embarrassment to the Government so far as corruption is concerned. We are firm believers in the principles of honesty and transparency, basing upon

which the Trinamool Congress was born and we are proceeding with our head high always. We do not want to take anything with the Government though we are the partners. We want to contribute our ideas at a small level according to our capacity to strengthen the UPA-II Government.

So, as a partner, we want to make it clear on the floor of the House that we never became the causes of embarrassment to the Government at any stage or at any level nor even we want to make it so.

Madam Chairman when this JPC will be set up and the 2G scam issue will be taken up, we have a very few proposals which can be taken as terms of references.

The hon. Member, whom we have nominated to the Committee, will certainly go and place them before the Committee. The major issue can be placed on record. We want to submit it here to be taken into consideration for induction in the terms of reference. The spectrum which was allocated at vastly under-valued prices and some companies seem to have an inside track on its development. In addition, the decision not to auction 2G spectrum and to maintain the same entry fee since 2001. This is one of the major issues which have been transpired.

My second suggestion is on the causes for alleged revenue loss by the above decision.

Third comes the point on the alleged advancement of the cut-off date for receipt of applications and the grant of licence to ineligible applicants.

So, these are the few issues which we, at the primary stage, want to keep on record that this can be taken up in the terms of reference when the Committee will start functioning.

Madam, we fully believe that though it is late, yet we were totally in favour of formation of a JPC. Even in the meetings of the All-Parties' Leader Forum, we categorically said that the Trinamool Congress, as a Party, is a very transparent Party and our approach is always to expose the corruption. What is bad is said to be bad. We do not want to go for any compromise with any types of corruptions initiated by any party or any person at any level.

Madam, one person may be bad for which a total political party cannot be blamed as a corrupt party. Sometimes, mistake of one individual can cause damage to a total political party. So, in any way, it is to be taken into consideration and the JPC's purpose should not be that those who are representing from the Opposition will only try to catch the Government and the Government will try to only hide all the faults and all the charges of corruption in a negative manner. That should not be allowed to be held. Let the investigation move with transparency and with very open mind and let the truth come out. We believe that this should be a precedent and this JPC should create some examples in the history of parliamentary democracy by which people will really realise that formation and functioning of JPC can certainly produce some results. That can enlighten and can give relief and benefit to the common people of the country. Let this country feel that the Parliament has positively played a major role when such types of vital and crucial issues come up for the interests of the people. We fully endorse the announcement of the JPC in connection with the Ministry of Communication.

SHRI T.K.S. ELANGOVAN (CHENNAI NORTH): Madam Chairman thank you very much for permitting to speak on the Motion for appointment of a Joint Committee to go into various aspects of telecom licensing.

Madam, when the Leader of the Opposition was speaking, she was talking about certain things regarding the last Session where they were not allowed to run the Session and the Leader of Opposition was blaming the Government for not allowing the Session to go on.

I would like to say one thing. The Winter Session was not held. No Business was conducted in this House. But there was a heavy offensive on one man who is our man. Without knowing the facts, without going into the merits of certain reports, he was accused. The report was leaked. All the leaders of the Opposition who are here started accusing him, abusing him in the public. Had there been a discussion held in this House, as was suggested by the Leader of the House, we would have come to many conclusions. I can even say the three subjects which we have selected for the JPC would have decreased or even increased. But there was no discussion. He was accused and abused. There was an offensive by the media, by the leaders of the Opposition and by the other party Members. He had no opportunity to explain his position. Even the Government was not given an opportunity to explain its position.

Madam, I have great regards for the Office of the C&AG. Like any other constitutional authority or office, the C&AG is an authority created by an Act of Parliament. But the Opposition took an opportunity based on the leaked report to attack the Government, to take political mileage over the Government. That is not fair. As I said earlier, I have great regards for the Office of the C&AG, not for the person occupying the Chair. It was leaked. It should also be gone into. This Committee should go into that aspect. It should be added in the terms of reference of the JPC.

Secondly, I want to make one more observation. When the Leader of the Opposition was speaking, she also talked of the observation made by the Supreme

Court. Madam, I can say only one thing. If an adjudicator becomes a prosecutor, there ends justice in this land. If an adjudicator becomes a prosecutor, there is no scope for the common man to get justice. If they are approving it, then, that shows the mindset of the Opposition. So, with these words, I support this Motion.

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Madam Chairman, we are against disruption of the House. The House did not function for the entire Winter Session. From day one, you can remember that we have been demanding the formation of the JPC. We do not always demand the formation of a JPC. In a very rare case, Members of this House demand the formation of a JPC.

There had been four JPCs in the past. I can remember that in 1987 the House could not function for a number of days. When the entire Opposition had been demanding the formation of a JPC to inquire into the Bofors Scam, the House could not function for several days. Then, in the 1990s when there was the stock market scam by Harshad Mehta, for many days, the House could not function. We were in the Opposition. We had been demanding from day one a JPC. We said that unless a JPC was formed, there would not be any proper inquiry into all aspects. A JPC does not inquire into one aspect but the entire aspect of corruption and the scam. When we were in the Opposition, when there was the Tehelka exposure in respect of purchase of coffins for Defence, when the NDA was in power, the House did not function for many days.

But the NDA, at that point of time, did not constitute JPC. This time it is not only the question of the scam of Rs.1,76,000 crore but it has its wider ramifications and that is why we, the entire Opposition is demanding JPC. Even the Parties, who are outside this Government but supporting the Government, are also asking for formation of JPC.

What was our argument? The argument of the Government was that so many agencies are enquiring into this scam, the CBI is enquiring, the CVC is enquiring, the Enforcement Department is enquiring and PAC is also examining it, so where is need for JPC. In the past also, all these agencies were engaged to enquire and examine whenever there was a case of omission and commission. But Government agreed to form JPC. Why in this case, the Government was so much obdurate? Why there was obduracy in agreeing to a proposal made by the entire Opposition?

The proposal of the Government was not only for a debate. We are not afraid of a debate. We know the House is for debate and discussion. If there is no debate and discussion, what for this House is there? We are not afraid of debate on this 2G spectrum scam. But a condition was imposed that along with the debate there would be voting to know whether the majority of the Members of the House are in favour of Joint Parliamentary Committee or not. We are against that, we are not against any debate.

The House did not function because we are accountable to the people; we have been elected by the people and we are here to represent the people; we are here to raise the important and urgent issues, issues concerning the people of our country, but we could not get any opportunity in the entire Winter Session to raise the people's issues in this House. Who is responsible for that, as if the Opposition has demanded JPC and the Government is not agreeing to form JPC?

Today, the motion has been brought before the House. Had the Government brought this motion in the first week of Winter Session, this entire Session would not have been wasted. Who is responsible for that?

What is the argument of the hon. Minister? That there is no corruption at all, there is no loss of revenue. As if presumptive revenue or presumption loss or notional loss is not a real loss. He stated in a Press Release:

> "The criticism of large revenue loss has received a great deal of attention in the Press because of the size of the loss stated by CAG. This estimate is based on the assumption that spectrum should have auctioned or sold in some other manner which would have fetched the Government the highest possible price…"

> "…However, the logic underlying this estimate is completely flawed. Government policy is formulated with a view to maximize public welfare…"

MADAM CHAIRMAN : Acharia *ji*, please come to the subject; come to the JPC.

SHRI BASU DEB ACHARIA : By selling spectrum at the price of 2001 level is a public welfare. I am coming for justification of JPC why we have been demanding JPC.

MADAM CHAIRMAN: The Minister was also justifying.

SHRI BASU DEB ACHARIA : He further says:

> "…and not merely to maximize Government revenues."

MADAM CHAIRMAN: Please sum up now.

SHRI BASU DEB ACHARIA : If there is no Government revenue, how can there be public welfare? The Prime Minister has also given strange argument. What is the argument of the Prime Minister? It is because of compulsion for 'coalition dharma', the Prime Minister remained a silent spectator for the entire period, even though he was aware of the corruption which was taking place. In 2008 itself, our leader in Rajya Sabha, Sitaram Yechury wrote to the Prime Minister apprising him what was happening at that point of time. Gurudas Dasgupta also wrote two letters to the Prime Minister. Today, he is talking about 'coalition dharma' compulsion.… (*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN: Please wind up.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Where was that 'coalition dharma' when 61 Left Party members were extending external support to UPA-1 Government? And our demand was not to sign Indo-US Nuclear Agreement. But he forgot at that point of time the 'coalition dharma'; he went ahead with signing Indo-US Nuclear Agreement. So, after one month, after wasting time of entire Winter Session, now the Government has agreed and brought a Motion to form a Joint Parliamentary Committee. It is good. I thank the Government and I sincerely hope this JPC

would definitely not only inquire but also, as is its terms of reference: ‘procedures for implementation of laid down policy in the allocation and pricing of telecom licences’, all these aspects would be examined by it and it will present a Report to the House from 1998 onwards.

SHRI PINAKI MISRA (PURI): Madam Chairman; I need hardly state at the outset that I rise in support of this Motion for the appointment of a Joint Parliamentary Committee.

We heard the Leader of the House today introduce the motion. He gave a very statesman-like preoration. The Leader of the House said that when the Executive and the Legislature abdicate their responsibility, there comes about a vacuum and in that vacuum you will find certain other powers rush to fill in, whether they are constitutional powers or extra-constitutional powers will attempt to fill this vacuum. In that context, he mentioned Maoism. But I want to draw the attention of the House to something far more important.

The other day the newspapers, when this entire issue began in the Supreme Court, reported an observation by the Judges of the Court. When Dr. Subramanium Swamy was addressing the argument, the Solicitor General of India during his arguments, the Solicitor General of India made bold to say that the Prime Minister is an honest man. Dr. Subramanium Swamy endorsed that, and the Supreme Court, that is what the newspapers said, sarcastically said, that "we do not need your certificate that the Prime Minister is of good conduct. The petitioners are in the case giving a certificate to Prime Minister of good conduct". This pains all of us. An Institution like the Prime Minister of this country is the object today of some decision, the object of some ridicule before another Institution under the Constitution. This reminds me of what happened in 1994, 1995 and 1996 when another Prime Minister thought that he was being too clever by half, by implicating his Cabinet Colleagues in the Hawala Scam. Similarly there was a vacuum because the Executive was emasculated, the Legislature was emasculated and therefore what filled the vaccum was the Judiciary which went rampant and the Congress Party took eight years thereafter to recover and come back to power in 2004.

I would like to remind the Congress benches that when they have acceded to a JPC they have done the right thing because there is an internal corrective

mechanism that this House must bring into play. If we do not want any corrective mechanism to kick in and come into play, it is best that we self correct, otherwise there are enough forces in this Constitution as well as outside the Constitution who are only too willing and able to correct us. The Government has been less than gracious because I think the hon. Leader of the House again today said and he was being disingenuous when he said that we were ready for a JPC all along but we only wanted a debate first. It is not correct. The Winter Session was a waste because the Government dugs its heels and said 'No JPC'. Now the question is why we need a JPC. The reason for JPC is that various contradictory theories have been floated over the last six to eight months. Many of them have actually come from the Prime Minister, who from the day one has been less than convincing because he has been less than convinced. Look at the kind of theories that have come out.

First the Prime Minister said,' we were following the same policy but there has been faulty implementation'. The House is entitled to ask him that it was under your beat that this faulty implementation took place. Where were the people who were to ultimately decide that that implementation was to be corrected? Today he again said that the same policy had the entire Cabinet's nod. But I wish to remind the Prime Minister we have now seen the then Finance Minister has clearly made a noting that if these licenses are to be further sold out there must be a premium that the Government must obtain. The Finance Minister said that, why have the recommendations of the Finance Ministry been ignored.

The Prime Minister has talked about teledensity. Teledensity is because of the aspiration of one billion Indians. Teledensity has nothing to do with what price has been paid. People who have paid humongous prices in the auctions in 3G have done so advisedly because they know what they would reap commercially. Therefore, let us not hide behind the fact that you have given teledensity to this country because teledensity to this country, to a billion people, had to come whether you were in power or they were in power.

Madam, the Prime Minister has talked about coalition compulsions. Because of this compulsion he had to tolerate rogues in his Cabinet. In the same breath he said this, but, also that this is a Cabinet decision therefore the entire Cabinet is deemed to compriseor of such people.

Again he said that this is in the nature of a subsidy like the food subsidy, like the fertilizer subsidy. If so that is an answer in itself? The Government on day one should have said that we actually wanted to subsidise all these licences. Let the people decide whether this is the kind of subsidy that this Government has been voted to give.

I am glad that my friend, Shri Kapil Sibal has just walked in. Madam Chairperson, I was a junior in his Chamber, and I learnt a lot from him. But Shri Sibal needs to learn a lot in turn from some of his leaders. He has to learn from the manner in which the Congress President maintains her silence under the grimmest provocation and how little the Prime Minister speaks despite being provoked. I do not know why the Prime Minister brought in Shri Sibal. … (*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN : Please wind up now.

SHRI PINAKI MISRA : Yes, Madam Chairman. I do not know why the Prime Minister brought in Shri Sibal. We were all under the impression that because he is a man of unimpeachable financial integrity that he was brought in to being in some corrective mechanisms into this system. Instead, Shri Sibal on day one mounted a robust and combative defence of Mr. Raja which would actually have done him credit if he was arguing for his bail in Patiala House. Really if his heart is not in the job that he has got here, he really should resign and go and defend Mr. Raja in court because that is what he has done. … (*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN: Now, Shri Lalu Prasad ji.

SHRI PINAKI MISRA : Madam Chairman, he is far too intelligent a person not to understand that he is in a minority of one in this country who believes in his so-

called ‘zero loss’ theory that he has given in this House. There is no question that he is a single man … (*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN: Now, Shri Lalu ji.

SHRI PINAKI MISRA : Shri Lalu ji, I will just take two more minutes to wind up.

Madam Chairperson, all I need to say now is this. … (*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN: Shri Lalu Prasad is on his legs. Please wind up.

SHRI PINAKI MISRA : Madam, I will just take two more minutes. There are two fundamental questions this JPC … (*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN: No. Your time is over. Please sit down now.

SHRI PINAKI MISRA : Madam Chairperson, you gave a lot of time to others. Please give me one minute more.

MADAM CHAIRMAN: I have already given ten minutes to you. I have given ten minutes to everyone. I have given you more than that.

SHRI PINAKI MISRA : Madam, please give me one minute to sum up.

MADAM CHAIRMAN: Okay, you sum up now.

SHRI PINAKI MISRA : This JPC has to come to a very important finding because this is now what the newspapers write on a daily basis. When they task about the loneliness of the Prime Minister, etc., has the Congress Party and the UPA taken advantage of a decent man of unimpeachable integrity, whose currency now is unfortunately running out? The Congress has soaked his currency up and it is now preparing to ditch him. That is one. Or is this Prime Minister, Madam Chairperson, with great respect a worthy inheritor to Shri Narasimha Rao ji who was Machiavellian in his own way and who loved the power that came with his job? The Prime Minister has said that there should not be elections every six months. What he meant to say was: “I did not want to remain Prime Minister only for six months.’ If that is what he meant to say, then that is what this JPC must endevour to discover.

**श्री लालू प्रसाद :** सभापति महोदया, कांग्रेस पार्टी की यूपीए सरकार -2 ने बहुत प्रताड़ित होने के बाद सुप्रीमेसी ऑफ पार्लियामैन्ट को स्वीकार किया और जेपीसी बनाने की घोषणा की, इसका मैं स्वागत करता हूं। मैंने शुरू में ही एक सुझाव दिया था कि जेपीसी की बात आज कोई नई बात नहीं है। जो अपोजीशन होती है, चाहे वह असैम्बली में हो, पार्लियामैन्ट में हो या जहां कहीं भी हो, ऐसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सरकार को ग्रिल करने और जानकारी लेने के लिए लोग हमेशा मांग करते हैं कि ज्वाइंट पार्लियामैन्ट्री कमेटी या विधान सभा की एक कमेटी बनाइये और हर सरकार उससे पलायन करती रही है। यह हर जगह का रिकार्ड है। लेकिन आज जो बात आई और 2 जी स्पैक्ट्रम के मामले में जेपीसी बनाने की घोषणा हुई, इसमें तीन टर्म्स एडं कंडीशंस तय हैं और उन तीनों कंडीशंस को गौर से देखा जायेगा। एनडीए के समय की कैबिनेट का पालिसी के मामले में जो डिसीजन है और यूपीए गवर्नमैन्ट की पालिसी में ज्वाइंट पार्लियामैन्ट्री कमेटी को यह बात बड़ी लिमिटेड दी गई है कि आप इसे देखिये। मैंने सुबह सुझाव दिया कि पार्लियामैन्ट सुप्रीम है और कमेटी के गठन के बाद जब हाउस में रिपोर्ट ले होगी तो इसमें पार्लियामैन्ट के हर मैम्बर को, हर नेता को भाग लेने का मौका मिलेगा कि नहीं मिलेगा।

प्रणब बाबू ने कहा कि नहीं, उसमें डिसकशन होगा। हम इस बात का स्वागत करते हैं और उसके साथ यह भी कहेंगे कि आज उस का जवाब नहीं होगा। इसके लिये जो रैफैरेंसेज तय किये गये हैं, मैं नहीं जानता कि जब तक यह मिलकर तय नहीं हुआ तो कोई मानने के लिये तैयार नहीं होगा। लगता है कि इसमें घालमेल हुआ है। इसके रेफैरेंस को देखा जाये। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी, प्रणव बाबू और सोनिया जी को बधाई देना चाहता हूं। यह समय सीमा में काम होना चाहिये।

मैंने पहले सुझाव दिया था कि इस पर बहस नहीं करनी चाहिये और जो इसके मैंम्बर्स हैं, उन्हें तो यहां बोलना ही नहीं चाहिये। अब यह बात सामने आयी है कि इसका अध्यक्ष कौन होना चाहिये? एक दूसरे पर ये लोग आरोप लगा रहे हैं। हम लोग आज से नहीं बोफोर्स के जमाने से देख रहे हैं। सरकार बदल गई और फिर कांग्रेस की सरकार आयी। देशभर में भों-भों हो गई। अगर बोफोर्स तोप और हथियार न होते तो हमारे सैनिक दुश्मन का मुकाबला नहीं कर सकते थे। इस कार्य में तीन एजैंसियां काम कर रही हैं - जेपीसी,सीबीआई और सीवीसी। पार्लियामेंट की जेपीसी अपनी फाईडिंग्स देगी। सीबीआई स्वतंत्र संस्था है और उसके ऊपर सीवीसी है। पार्लियामेंट की लोक लेखा समिति के अध्यक्ष डॉ. मुरली मनोहर जोशी हैं जिनके सामने यह मामला आया हुआ है। संविधान में यह व्यवस्था की है कि जहां घोटाले और गड़बड़ होंगे, वहां सी एंड ए. जी उसकी जांच करेगी और वह लोक लेखा समिति के सामने मामला भेजा जायेगा। संबंधित अफसरों को विधानसभा या संसद पैसा सैंक्शन करती है उसका कंडिकावार मिलान करती है। तब

केस या मुकदमें करने या जेल भेजने का काम होता है। हमारे संविधान ने सिस्टम बनाया है तो सी एंड एजी से मामला पीएसी में भेजा जाता है और वह उस मामले की जांच करती है। जिस तरह से 2जी स्कैम के बारे में पीएसी के पास मामला चला तो किस तरह से उन्हें दबाया गया, किस दल ने दबाया, उन्हीं के दल के लोगों ने दबाया।

बीजेपी के लोगों ने दबाया। बात साफ-साफ होनी चाहिए।

महोदया, हमारा एक्चुअल कितने का लॉस हुआ, कितने के घपले हुए या नहीं हुए, राजा दोषी हैं या दोषी नहीं हैं, जब तक अंतिम न्यायालय किसी को सजा नहीं देता है तब तक आदमी को दोषी नहीं माना जाता है, यह हमारी न्यायिक मान्यता है। आई एम नोट डिपेंडिंग ऑन राजा। यह बात सही है, मैं रेल मंत्री नहीं बनना चाहता था। जब नेशनल पॉलिटिकल पार्टियों का वजूद खत्म होने लगता है तो एक कल्चर एनडीए के समय से गठबंधन का शुरू हुआ। यह गठबंधन अभी देश में चलेगा।

**श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा):** यह गठबंधन देवगौड़ा जी के समय से शुरू हुआ। इसे आपने शुरू किया है।

**श्री लालू प्रसाद :** ठीक है, आप लोगों ने उसे मजबूती दी। आने वाले दिनों में भी गठबंधन की राजनीति चलेगी। मैं प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी को व्यक्तिगत रूप से जानता हूं। अगर प्रधानमंत्री जी को कोई बोलता है कि वे चोर हैं तो लालू और उसका दल कभी भी विश्वास करने की स्थिति में नहीं है। मैं सार्वजनिक रूप से यहां बोलता हूं कि वे ईमानदार आदमी हैं, सीधे आदमी हैं। सोनिया जी के विषय में बोला जाता है। मुझे इस बात का अफसोस है और दुःख है, हम जिम्मेदार नेता लोग हैं, हम सबका अपना व्यक्तिगत जीवन है, एक दिन हमने अखबार में पढ़ा कि आडवाणी जी ने सोनिया गांधी जी से मॉफी मांगी। मैंने अखबार पढ़कर पता करने की कोशिश की कि क्या बात हो गयी कि सोनिया जी से क्यों मॉफी मांगी? मालूम हुआ कि आडवाणी जी ने सोनिया गांधी जी के विषय में शायद बोला कि स्विस बैंक में सोनिया गांधी जी का खाता है।

**श्री निशिकांत दुबे :** उन्होंने नहीं बोला, यह रिपोर्ट ने बोला है।

**श्री लालू प्रसाद :** आप हमारी बात सुनिये। कौन रिपोर्ट क्या बोली, किसी के विषय में गलत बात नहीं बोलनी चाहिए। देश का पैसा विदेश में जा रहा है, जहां भी पैसा गया है, ऐसी कौन सी परिस्थिति आयी? यह जांच हो रही है। लिखतम के सामने बख्तम काम नहीं करता है। 2जी स्पेक्ट्रम का जो मामला है, वह फाइलों पर रिकार्डेड है। आप इतने बड़े नेता हैं, जो मन में आया बोल दिया कि सोनिया गांधी जी का खाता है। फिर बोले कि नहीं, नहीं हम मॉफी मांगते हैं, खाता नहीं है। बीजेपी के अन्दर इस बात का बड़ा भारी आक्रोश है कि जो हवा में चले थे, आडवाणी जी ने मॉफी मांगकर हवा निकाल दी। ...(व्यवधान) अगर है तो

बोलो। यह जीभ बुलवाती है। पीठ पिठाने लगता है तो जिभिया सटक जाती है। यह कल्चर, यह राजनीति हम लोगों के अन्दर नहीं आनी चाहिए। जो मन में आया बोल दिया कि चोर है, खाता है, फिर मॉफी मांगिये।...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** लालू जी, आप कृपया वाइंड अप कीजिए।

**श्री लालू प्रसाद :** महोदया, सुनिये, यह मामूली बात नहीं है। सोनिया जी के मामले में गैर जिम्मेदाराना बात करके आपने जनमानस में गलत सिग्नल भेजा है। मेरा सभी लोगों को सुझाव है कि अगर किसी भी नेता के बारे में बोलते हैं तो उसके लिए ठोस सुबूत होना चाहिए। हम एक-दूसरे की टांग खींचने के लिए, अपनी राजनीति सीधी करने के लिए किसी को भी बोल देते हैं कि चोर है। आउट लुक में एक टर्म्स ऑफ रेफरेंस में क्यों नहीं आया है, इसका विस्तार क्यों नहीं हो रहा है? आउट लुक ने जो उजागर किया है, वह 180 घंटे का टेप है। मैं नाम नहीं लेना चाहता हूं। सारे देश को जानकारी है और इंटरनेट में सब कुछ लोड है।

**सभापति महोदया :** लालू जी, कृपया वाइंड अप कीजिए।

**श्री लालू प्रसाद :** महोदया, आप बोलिए हम लोग यहां से निकलकर चले जाते हैं।

**सभापति महोदया :** नहीं ऐसा नहीं है। हम वाइंड अप के लिए कह रहे हैं।

**श्री लालू प्रसाद :** सुषमा जी बोलेंगी, ये बोलेंगे बाकी हम सब लोग क्या यहां हवा में बैठे हुए हैं? 180 घंटे का जो टेप है, जिन महानुभावों के उसमें कन्वर्सेशन हैं, लालू चोर है, मुलायम सिंह चोर है, पॉलिटीशियन चोर हैं। जिन जिन लोगों का उसमें नाम आया है या जो ब्यूरोक्रैट्स रहे हैं, रिचैस्ट ब्यूरोक्रैट्स इन इंडिया जो हैं, उन् सबके नाम उसमें हैं। प्रधान मंत्री जी और प्रणब बाबू को हिम्मत दिखानी चाहिए। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** आप डिसटर्ब न करें। लालू जी आप वाइंड अप करें।

**श्री लालू प्रसाद :** 180 घंटे की टेप जेपीसी को हैंडओवर करिये। रेफरेन्स में आना चाहिए, नहीं तो आप इन चीज़ों की जड़ तक नहीं पहुँच पाएँगे कि कौन लोग हैं। इसलिए 180 घंटे की जो टेप है, उसमें नये नये लोग हैं, [illegible] विभिन्न दलों में बैठे हैं और विभिन्न विचारधारा के लोग हैं। हम लोग चोर हो गए, सब बोलते हैं कि पोलिटीशियन चोर हैं, राजनेता चोर हैं।

**सभापति महोदया :** लालू जी, आप वाइंड अप करें क्योंकि साढ़े पाँच बजे रिप्लाई है और अभी आठ स्पीकर बोलने वाले हैं।

**श्री लालू प्रसाद :** आपकी फ्लाइट है क्या?

**सभापति महोदया :** मेरी फ्लाइट नहीं है, रिप्लाई है।

रामदेव जी ने इस भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का न केवल शंखनाद किया है बल्कि भारत की संस्कृति व स्वाभिमान के साथ जोड़कर इस महान देश को विषैले अजगर की तरह खा रहे भ्रष्टाचारियों को ललकारा भी है। सारा राष्ट्र उनके पीछे खड़ा हो रहा है। लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि कुछ भ्रष्टाचारी ताकतों को बहुत तकलीफ हो रही है। वे सब भ्रष्टाचारी जिनके खाते विदेशों या देशों में हैं, सभी इकट्ठे होकर, आज के महान संत स्वामी रामदेव जी को डरा रहे हैं, धमकियां दे रहे हैं, अपमानित करने की कोशिश कर रहे हैं व षड्यंत्र कर रहे हैं। जब बाबा रामदेव जी ने कहा कि मैं इस धमकियों से नहीं डरता तो इन देश विरोधी लुटेरों की वकालत करने वाले आज के प्रभावशाली प्रवक्ता उन्हें यह कहकर धमका रहे हैं कि बाबा नहीं जानते कि सरकार क्या होती है।

महोदय, मैं पूछना चाहता हूं कि यदि भ्रष्टाचार के खिलाफ एक आंदोलन तैयार हो रहा है लेकिन इससे तकलीफ केवल एक ही पार्टी के नेताओं को क्यों हो रही है? यह बात साबित करती है कि चोर की दाढ़ी में तिनका है, दाल में कुछ काला है, कुछ काला ही नहीं सारी दाल ही काली हो चुकी है। मैं आज लोकसभा के इस पवित्र मंच से सारे देशवासियों का आह्वान करता हूं कि देशवासियों जागो, भ्रष्टाचार के खिलाफ यह जंग चाहे बाबा रामदेव करें या कोई और, हम सब उनका साथ दें। ये धमकियां, गालियां, संतों का अपमान हिन्दुस्तान बर्दाश्त नहीं करेगा। यह अपमान केवल बाबा रामदेव का नहीं, गालियां और धमकियां केवल बाबा रामदेव को नहीं दी जा रही हैं, यह राष्ट्रवादी ताकतों और राष्ट्रभक्तों पर हमला है। भ्रष्टाचार केंद्र में हो या किसी राज्य में हो, भ्रष्टाचार भ्रष्टचार है, चाहे कोई व्यक्ति करे या पार्टी करे, बर्दाश्त नहीं करना है। मेरा देशवासियों से आह्वान है -

ए खाक नशीनों उठ बैठो, अब वक्त करीबे आ पहुंचा
जब ताज उछाले जाएंगे, जब तख्त गिराए जाएंगे।

यह आवाज दबेगी नहीं, गूंजेगी, फैलेगी, भभकेगी, अब क्रांति आएगी और वक्त आएगा जब देश जागेगा। जो हादसा मिस्र में हुस्नी मुबारक का हुआ वह कभी हिन्दुस्तान में भी हो सकता है। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि पूज्य बाबा रामदेव जी सहित सभी राष्ट्रभक्तों की सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध किया जाए, अपमान करने वालों को दंडित किया जाए और राष्ट्र विरोधी लुटेरों और भ्रष्टाचारियों के लिए सरेआम फांसी की सजा का प्रावधान किया जाए।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** मैं अपने आपको इस विषय के साथ संबद्ध करता हूं।

**श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट):** मैं अपने आपको इस विषय के साथ संबद्ध करता हूं।

**श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव):** माननीय महोदय, आपने शून्य प्रहर में बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। देश में किसानों की अवदशा का हर समय उल्लेख होता है। किसान को मौसम

में एकाएक होने वाले बदलाव के कारण सूखा, अकाल, अतिवर्षा, बाढ़, कीट के कारण और प्राकृतिक आपदाओं के कारण हानि उठानी पड़ती है। मैं महाराष्ट्र के संसदीय क्षेत्र जलगांव का प्रतिनिधित्व करता हूं, विशेषकर यहां केला और कपास के ऊपर लाल्या और करपा जैसे रोगों से हजारों एकड़ फसल खत्म हो गई है। आज कल खेती घाटे का सौदा हो गया है। फसल के उत्पादन के लिए आवश्यक लागत मूल्य में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी और फसल उत्पादन में विषमता के कारण किसान अब जीवनयापन के लिए संघर्ष करता दिखाई दे रहा है। ऐसे समय में किसानों को बचाने के लिए सरकार को आगे आना होगा। सरकार ने किसानों को प्राकृतिक आपदाओं में सुरक्षित रखने के लिए फसल बीमा योजना बनाई है। लेकिन इन खामियों के चलते इसका किसानों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। महाराष्ट्र राज्य के कृषि मंत्री द्वारा स्वयं इस सत्य को स्वीकार किया है और जवाब दिया है कि किसानों को सही लागत नहीं मिल रही है। फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों के फसलों के हानि के रूप में दिए जाने वाले मुआवजे की राशि देने में भारी विलंब होता है। प्रशासनिक यंत्रणाओं द्वारा प्राकृतिक आपदा क्षेत्र में फसलों की हानि की जांच और जायजा लेने का तरीका काफी पुराना होने के कारण किसानों को हानि का मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। सरकार ने फसल बीमा के मुआवजे में क्षेत्र का बंधन रखा इससे थोड़े क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाग्रस्त किसानों को लाभ ही नहीं मिलता है इसलिए किसान बीमा योजना के बारे में सोच विचार कर कालसंगत और किसान हितैषी बनाने की आवश्यकता है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि सरकार कृषि बीमा योजना में खामियों का संज्ञान लेकर तत्काल इसे संशोधित कर किसान उपयुक्त बनाए।

**18.00 hrs.**

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि सरकार कृषि बीमा योजना की खामियों का संज्ञान लेकर इसे किसान उपयुक्त बनाये।

सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र की एक समस्या यह भी है कि हमारे यहां के किसानों को प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण वहां के किसान मर रहे हैं। देश में किसानों के द्वारा जो आंत्महत्याएं हो रही हैं, उनमें महाराष्ट्र राज्य एक नम्बर पर आता है। मेरे जलगांव जिले में किसान प्राकृतिक आपदाओं के कारण मर रहे हैं और आत्महत्याएं कर रहे हैं। लेकिन वहां के एक सरकारी ऑफिसर ने वहां के एक किसान की हत्या कर दी है। मेरी सरकार से मांग है कि इसकी कड़ी से कड़ी जांच होनी चाहिए और किसानों को न्याय मिलना चाहिए। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN : Now, it is 6 o'clock. If the House agrees, we can extend the time of the House till Special Mentions are over.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

MR. CHAIRMAN: All right. The time of the House is extended till Special Mentions are over.

**श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर):** आदरणीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान दोबारा इस विषय की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं, क्योंकि यह लोक हित का बहुत अर्जेन्ट मैटर है। यह मेरे संसदीय क्षेत्र का मामला है। माननीय मंत्री जी कृपया ध्यान दें, क्योंकि यह बहुत आवश्यक मामला है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में आलापुर के नाम से जो हमारा विधान सभा क्षेत्र हैं, वहां हम लोग छः-सात महीने एक विधान सभा क्षेत्र से दूसरे विधान सक्षा क्षेत्र में नहीं जा पाते हैं। वहां पीपे का पुल है और सरकार का हमने दो बार इस ओर ध्यान आकृष्ट किया था। वहां लोगों को शादी-ब्याह आदि तमाम कार्यों के लिए आना-जाना पड़ता है। वहां प्रदेश सरकार ने पीपे के पुल की व्यवस्था की है, उस जगह को कम्हरिया घाट बोलते हैं यह संत कबीर नगर लोक सभा क्षेत्र में आता है, जिसमें दो विधान सभा क्षेत्र खजनी और आलापुर हैं। दोनों के बीच में घाघरा नदी बहती है और इसके ऊपर कम्हरिया घाट पर पक्के पुल का निर्माण होना है। यदि इस पुल का वहां निर्माण हो जाता है तो गोरखपुर से इलाहाबाद की दूरी 70 किलोमीटर कम हो जायेगी। यह स्टेट हाईवे है और केवल पक्के पुल के अभाव में वहां आने-जाने में बहुत सी दिक्कतें होती हैं। छः महीने हम लोगों को घूमकर इस दो विधान सभा में जाना पड़ता है या तो फैजाबाद से जाना पड़ता है या आजमगढ़ से होकर जाना पड़ता है। इस तरह से हम लोगों को 150 किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता है। इसलिए यह लोकहित का बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है।

महोदय, यह बुनकर बाहुल्य क्षेत्र है, यहां बुनकरों की बहुत बड़ी आबादी है। ये लोग गरीब हैं, यदि उनमें से किसी को यदि शादी-ब्याह करना पड़ता है तो बहुत परेशानी होती है और यदि बरसात का मौसम होता है तो शादियां टालनी पड़ती हैं। चूंकि वहां सारे रास्ते बंद हो जाते हैं। इसलिए कम्हरिया घाट पर इस पुल का निर्माण होना बहुत आवश्यक है, ताकि वहां के लोगों को आने-जाने में जो असुविधा होती है, वह असुविधा दूर हो सके। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Sh.Nripendra Nath Roy, at this moment there is no interpretation available. You may speak later when the Interpreter comes. Now Mr. Virendra Kumar.

**श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़):** सभापति महोदय, मध्य प्रदेश का समूचा बुंदेलखंड जिसमें विशेष रूप से टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सागर, दमोह जिले और इससे लगे हुए उत्तर प्रदेश के हमीरपुर, बांदा, ललितपुर, झांसी और महोबा जिलों में कम वर्षा होने के कारण सूखे की स्थिति निर्मित हो गई है। सारे

नदियां, तालाब और कुएं सूख गये हैं। हैंडपम्प और ट्यूबवैल का पानी नीचे चला गया है और किसानों के समक्ष बहुत गंभीर स्थिति निर्मित हो गई है। उनकी फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। फलों की फसलें नष्ट हो गई हैं, सब्जियों की फसलें नष्ट हो गई हैं। इतना ही नहीं वहां पीने के पानी का इतना गंभीर संकट पैदा हो गया है कि अभी से गांवों में महिलाओं को दो-दो, तीन-तीन किलोमीटर दूर जाकर पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। बुंदेलखंड में पिछले दस सालों में से नौ साल लगातार सूखा पड़ रहा है। इसके कारण वहां के किसान बहुत बड़े संकट के दौर से गुजर रहे हैं। केन्द्र सरकार के द्वारा बुंदेलखंड पैकेज के माध्यम से सहायता की बात कही जाती है। वहां कई नेताओं के दौरे भी हुए हैं। लेकिन वहां जो पूर्व से योजनाएं चल रही हैं और उन योजनाओं में जो पैसा दिया जा रहा है, उस सहायता को बुंदेलखंड पैकेज के माध्यम से जोड़ा जा रहा है।

अतः मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का जो बुंदेलखंड इलाका है, वहां के सूखे की स्थिति को देखते हुए पेयजल के लिए अतिरिक्त सहायता और किसानों को संकट की स्थिति से उबारने के लिए विशेष आर्थिक सहायता दी जाए। मध्य प्रदेश को 25 हजार करोड़ रुपये की सहायता किसानों को इस संकट से उबारने के लिए दी जाए। इतना ही नहीं पेयजल के लिए भी विशेष प्रबंध केन्द्र सरकार के द्वारा किया जाना चाहिए। धन्यवाद।

SHRI B. MAHTAB (CUTTACK): Mr. Chairman, Sir, I stand here to raise a very sensitive issue and I would like to draw the attention of the Members who are present here including the Ministers of the Government. The matter relates to the abduction of the District Magistrate of Malkangiri. His future is still in suspense. Till last night, the message was that all of them have been released. But ultimately it is the Junior Engineer who arrived with another two demands that unless these two demands are met within 48 hours, then the District Magistrate has to meet eventualities. The kidnapping of a District Magistrate in Orissa shows the hollow claims of development. This is a point which, I think, all of us, cutting across party lines, should try to understand, to deliberate and come to a conclusion.

Always we have been discussing inside this House and also outside that the only antithesis to terrorism, to insurgency, to violence is development. Here, always, we have said, it is development *versus* law and order debate. The officer, Mr. R Veenil Krishna, is a civil servant with a conscience. He was an engineer

from IIT Madras. His wife is also an engineer. Both of them could have led a very fruitful life in the United States. But they opted to come and serve the tribals of our country. When he was posted in Orissa, he deliberately wanted to serve in the tribal-dominated areas especially the Left Wing extremist infested areas. He was posted in a Block as a Sub-Collector, which is adjacent to Jharkhand. After completion of his tenure there for three years, he again opted that he should go to the other extreme in the Southern part in the Dandakaranya area in the Malkangiri district where he is still serving for more than 1 ½ years.

My point here is this. His work with the poor and the under-privileged has led to those who he served, protesting against his abduction by the Maoists. I think, four or five days back, a news item must have been read by many hon. Members here that a large number of tribals have come out to the streets, have gone into the jungles in search of the District Magistrate. It is not only in that district alone, a large number of people, students, college students, school students have come out in different parts of the State. This type of public upsurge has come out because people know what type of an officer he is. It is not an individual alone; there are a large number of people who are also doing this type of work of serving the poor. Here the debate is this. At one point, are you going to make it a law and order problem and deal with them or through development? If here is a pro-development officer who is going fearlessly and working for the people there, he gets abducted, how are you going to tackle that situation?

The Maoists had set the terms. They selected the interlocutors, and accordingly the discussion started. They had listed first two demands. Subsequently six demands were added; subsequently another six were added. Within 48 hours, all the 14 demands were met. Many of them, of course, were related to the Centre taking a decision. For instance, there is one Konda-Dora tribe. More than two or three years back, that suggestion had come from the State Government to be notified here, to be considered by the Home Ministry.

I had raised it here last year, 2010 in this House that these were the tribes which need notification by the Central Government. It is still pending. Why should we wake up by a situation like this? My point here is that these are calculated moves in a strategy using pro-people officers as 'pawns' and the deadly game is to defeat the idea of development.

What has happened? I do not know whether many of you are aware about the logistic, the situation there. There is a big reservoir. Some years back, I think, two years back, another tragedy had occurred when a motorboat was blown up and attacked by Maoists, and people belonging to Greyhound from Andhra Pradesh were killed. That is a reservoir which has a large number of Islands in between, inside the reservoir. The only way is that you have to take a motorboat from the last point of the road and once you reach those Islands, you travel by a motorcycle. That is what this Collector was doing. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : You come to the point.

SHRI B. MAHTAB : I will curtail it. I will sum it up. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Let him complete.

SHRI B. MAHTAB : It is not for the first time that this District Magistrate has been there. The Central Government, the Home Minister directly contacts the District Magistrate of, I think, 60 Districts which have been identified as 'Leftwing extremist-affected' Districts. The Home Minister contacts them directly. Funds are provided to the District Magistrates directly to do individual beneficiary schemes to be implemented in those areas, where a tube well is required; where a little bit of concrete road is required; and where individual benefit scheme like the old age pension is to be given. All other types of works are directly done by the Collector or by the District Magistrates. That is what he was doing. That is why, people had tremendous affection for this Collector and other Collectors who are doing this type of work. So, he had been to that place to find out how an irrigation project was benefiting the people. That is how, the Junior Engineers were also with him.

Here, I would only say that on the day of abduction, he visited a single-window camp. Mr. Krishna had visited that area a number of times. The tribals have out openly. The requirement here is this. In this inaccessible area, what we call in Orissa as 'cut-off area', there is a need to build a bridge across the reservoir. That is why, I think, the Central Government can come out in a bigger way, and once that bridge is constructed there, then inaccessibility to that cut-off area will end, and people can be identified with the main land people.

The last point which I would like to say is this. The Home Minister directly interacts with the District Magistrates to do development works; this is a challenge for us. Do we need any other mechanism to fight with this type of violence? I would leave it to this House and to the Party which is in power here to think about other mechanisms in place before us to fight this type of violence.

With these words, I conclude.

MR. CHAIRMAN: Shri Arjun Ram Meghwal is associating with the issue raised by Shri B. Mahtab.

Shri Ramashankar Rajbhar.

**श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर):** सभापति महोदय, आरक्षित वर्गों के विकास का रास्ता जाति प्रमाण पत्र से शुरू होता है। भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जातियाँ एवं अनुसूचित जनजातियाँ अधिनियम 2002 की अधिसूचना दिनांक 7.1.2003 को जारी की गई। सात वर्ष पहले अधिसूचना जारी की गई जाति प्रमाण पत्र के लिए। उसके बाद से कई प्रांतों में नये जनपद सृजित हुए हैं। हमारे यहाँ उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में बस्ती से काटकर संत कबीर नगर, देवरिया से काटकर कुशीनगर और वाराणसी में चंदौली से संत रविदास नगर बना। सात बरस हो गए। जब पुराना जनपद था तो गोंड, धूरिया, नायक, ओझा, पठारी, राजगौण को अनुसूचित जनजाति का प्रमाणपत्र जारी होता था। मगर उसी जनपद से काटकर जब दूसरा जनपद बन गया तो इन अनुसूचित जातियों के लिए प्रदेश सरकार ने भी बार-बार लिखा है लेकिन यहाँ से अधिसूचना जारी नहीं हो रही है कि वे जनपद जब अलग हो गए तो वहाँ जो अनुसूचित जनजाति के लोग हैं, उनको भी प्रमाण पत्र जारी हो। मैं सरकार से मांग करता हूँ कि इन जातियों के विकास के लिए इनको अनूसूचित जनजाति का प्रमाणपत्र जारी हो। यह भारत सरकार का मांमला है। भारत सरकार ने 7.1.2003 में जो

अधिसूचना जारी की है। सरकार वर्तमान में भी अधिसूचना जारी करे कि इन जनपदों में भी उपरोक्त अनुसूचित जनजातियों का प्रमाण पत्र जारी हो।

**श्री तूफ़ानी सरोज (मछलीशहर):** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से खास तौर से प्रधान मंत्री का ध्यान एक अहम मुद्दे की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। प्रधान मंत्री राहत कोष से विभिन्न प्रकार की आपदाओं से प्रभावित लोगों को आर्थिक मदद प्रदान की जाती है। उसी प्रकार संसद सदस्यों की संस्तुति के आधार पर प्रधान मंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से गंभीर रोग जैसे कैंसर, हृदय रोग, किडनी एवं लिवर रोग आदि से ग्रस्त मरीज़ों को भी आर्थिक मदद दी जाती है। पूर्व में प्रधान मंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से सांसद द्वारा लिखे गए हर सिफारिश पत्र पर आर्थिक मदद के रूप में कुछ न कुछ धनराशि एकमुश्त स्वीकृत की जाती थी। पर अब गंभीर रोगों से प्रभावित मरीज़ों को दी जाने वाली आर्थिक मदद में कटौती कर दी गई है। प्रधान मंत्री कार्यालय ने नियम बना दिया है कि संसद सदस्य की सिफारिश पर महीने में मात्र तीन ही मरीज़ों को आर्थिक मदद दी जाएगी। ...(व्यवधान) तीन से ज्यादा एप्लीकेशन जब हो जाती हैं तो प्रधान मंत्री कार्यालय से लिखकर आ जाता है कि आपका कोटा पूरा हो चुका है। यह मामला सारे जनप्रतिनिधियों से जुड़ा हुआ है। जो भी व्यक्ति अपने परिवार के किसी सदस्य - अपने बाप, बेटे या भाई के लिए आवेदन देता है कि प्रधान मंत्री राहत कोष से उसे मदद दिला दी जाए, उस पर उनके यहां से पत्र लिख दिया जाता है कि हमारे यहाँ तीन से ज्यादा कोटा नहीं है। किसी का बाप, बेटा और भाई यदि मर जाता है तो वह अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को कोसता फिरता है, फोन करके गाली देता है, कहता है कि अगर आपने हमें पैसा दिला दिया होता तो हमारा बेटा, हमारा भाई और हमारा बाप नहीं मरा होता, जो पैसे और दवा के अभाव में मर गया। करोड़ों करोड़ रुपये का घोटाला हो रहा है। यह पैसा सीधे अस्पताल को भेजा जाता है, किसी सांसद के खाते में पैसा नहीं भेजा जाता कि किसी को सांसद की मंशा खराब नज़र आए कि सांसद की पॉकेट में पैसा चला जाएगा। सांसद एक गरीब की मदद के लिए प्रस्ताव यहां से भेजता है।

मैं 13वीं लोक सभा से लगातार सांसद हूँ। जब एनडीए सरकार थी तो जितने भी आवेदन भेजे जाते थे, उन सारे आवेदनों पर विचार किया जाता था और गरीब को पैसा मिलता था। जब से यूपीए सरकार बनी है, तब से रोगियों को मदद के लिए पैसा देने में भी कोटा लगाकर रखा है। तमाम हमारी एप्लीकेशंस पड़ी हुई हैं जिनके बारे में कहा जाता है कि आपका कोटा पूरा हो गया है। मैं उनको क्या जवाब दूँ। अतः मेरा आसन के माध्यम से सरकार से निवेदन है, मैं सभी सांसदों की पीड़ा को आपके सामने रखना चाहता हूँ कि यह कोटा खत्म करिये। यदि सामी जी किसी को एक लाख रुपये दे रहे हैं तो उसे 75 हज़ार रुपये या 50 हज़ार रुपये ही दीजिए।

लेकिन हर व्यक्ति के आवेदन पर कुछ न कुछ पैसा दीजिए, जिससे क्षेत्र के लोगों को यह विश्वास जगे कि हमारे जनप्रतिनिधि ने हमारे लिए पत्र लिखा और हमारे लिए सिफारिश की और हमें कुछ न कुछ मदद दिलवायी। इसलिए आप एक-दो लाख रूपए मत दीजिए, आप 50-60 हजार दीजिए, ताकि हम लोगों की मंशा पर क्षेत्र की जनता शक न करे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**डॉ. राजन सुशान्त (कांगड़ा):** महोदय, मैं स्वयं को तुफानी सरोज जी की बात से संबद्ध करता हूं।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** महोदय, मैं स्वयं को तुफानी सरोज जी की बात से संबद्ध करता हूं।

**श्रीमती उषा वर्मा (हरदोई):** महोदय, मैं स्वयं को तुफानी सरोज जी की बात से संबद्ध करती हूं।

**श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़):** महोदय, मैं स्वयं को तुफानी सरोज जी की बात से संबद्ध करता हूं।

*SHRI NRIPENDRA NATH ROY (COOCH BEHAR): Mr. Chairman Sir, through you I would like to draw the kind attention of Hon. Minister of Law to a very urgent matter of public importance. Sir, the people of North Bengal are fighting for a circuit bench in Jalpaiguri since the year 1963 in order to get speedy justice. The Government of India had recognized and appreciated the struggle and sentiments of the people and thus in 2001, August 3, the then Law Minister had communicated to the Hon. Chief Minister through a letter that a circuit bench would be set up in Jalpaiguri. After getting the go-ahead signals from the Central and State Governments and the Hon. High Court of Kolkata, the district administration of Jalpaiguri earmarked 41 acres of land of which 122 luxurious flats were constructed for the residential purposes of lawyers and judges. All the modern furniture and amenities were also provided to them. To inquire into that in 2006 the Additional Sectretary of Hon. Law Minister Shri Rabikaran Barma went to Jalpaiguri and after conducting the enquiry, he presented the status report to the Central Government. Then on 16th June 2006, the cabinet took a decision.

I quote, "The Union Cabinet do confer power on the Chief Justice of Kolkata High Court to order sitting judges and division code of the High Court as

* English translation of the speech originally delivered in Bengali

such other place or places in the state of West Bengal with the approval of the Government of the state."

Though this decision has long been taken, the bench has not yet been set up. 13,000 cases pertaining to the people of North Bengal are still pending in the Kolkata High Court. Thus I urge upon the Hon. Minister through you to constitute the circuit bench at Jalpaiguri as early as possible. On 24th July 2004, the Madurai Circuit Bench has been set up but our demand has not yet been met. So I demand that it should be immediately constituted for the benefit of the common people. With these words I thank you for giving me this opportunity and conclude my speech.

**श्री ओम प्रकाश यादव (सिवान):** सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे लोकहित का मामला उठाने के लिए अवसर दिया।

महोदय, बिहार प्रान्त का सीवान जिला अत्यन्त गरीब जिला है। वहां के सभी कल-कारखाने बंद हैं। बेरोजगारी की स्थिति है। विगत वर्ष के सुखाड़ के कारण वहां के किसान आत्महत्या करने को विवश हैं। बिहार के 38 जिलों में से 37 जिलों को पिछड़े जिलों में शामिल किया गया है और केन्द्र सरकार उनके उत्थान और विकास के लिए राशि दे रही है। केवल सीवान जिला, जो कि देश के प्रथम राष्ट्रपति देश रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जिला है, उनकी जन्मभूमि है, उस जिले को पिछड़ा जिला नहीं मानती है। केन्द्र सरकार ने इसके लिए यह आधार बताया है कि सीवान जिले में विदेशी पैसा बहुत आता है। विदेशी पैसा वह है, जो कि सीवान जिले के बेरोजगार युवक खाड़ी देशों में काम करके अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए भेजते हैं। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि अविलम्ब सीवान जिले को भी पिछड़ा जिला घोषित करें और विकास की राशि दें। धन्यवाद।

SHRI R. THAMARAISELVAN (DHARMAPURI): Thank you very much, Mr. Chairman, for giving me this opportunity to raise a matter of urgent public importance. I would like to draw the kind attention of the hon. Minister of Railways regarding stoppage of various trains and enhancing the frequency of trains concerning my constituency.

Our district Darmapuri is the most backward district in the State of Tamil Nadu. Due to this backwardness the people of the district have to move away from here to various places for earning their livelihood and for better prosperity. So, rail journey plays a very important role for the people of this district.

Sir, the railway station at Morapur is an ancient railway station under the Salem Division of Southern Railway. It falls in my district Dharmapuri. This station serves the people who are heading towards Chennai and other parts of the State and the country. Hundreds of people visit this railway station everyday. However, two trains which are passing through Morapur do not stop over here. They are Train No. 3351/3352, that is, Tatanagar-Alleppey-Tatanagar-Bokaro Express and Train No. 2695/2696, that is, Chennai-Thiruvananthapuram-Chennai Express.

Another important railway station falling in this district of Dharmapuri is Bommidi. This station also serves the people of Dharmapuri district. However, this station does not have a stoppage of Train No. 6381/6382, that is, Mumbai-Kanyakumari-Mumbai Express as well as 7229/7230, that is, Sabari Express running between Thiruvananthapuram and Hyderabad *via* Tirupati. Therefore, I urge upon the hon. Minister to make stoppage for these two trains at Morapur and Bommidi railway stations respectively.

I would also like to mention here that when Mumbai-Kanyakumari GST Express enters Kerala, it stops at almost all the stations whereas it does not have a stoppage at many important stations in Tamil Nadu. I would like to take this opportunity to request the hon. Minister to avoid this kind of discrimination towards any State, including Tamil Nadu.

Similarly, Dharmapuri Railway Station under the Bangalore Division of South-Western Railway serves the people of both Dharmapuri and Krishnagiri who are heading towards Bengaluru, Mumbai, Thiruvananthapuram etc. However, this station does not have a stoppage for Train No. 6537/6538, that is, Bengaluru-Nagarcoil-Bengaluru Express. Therefore, I urge upon the hon. Minister to direct the concerned officials to make stoppage for this train at Dharmapuri and also enhance the frequency of this train from once a week to daily basis as there is a huge volume of passenger traffic between Nagarcoil and Bengaluru daily.

MR. CHAIRMAN : The Railway Ministry will look into all these things. You have to mention if there is any specific problem, but do not bring in all the things together concerning the Railways

SHRI R. THAMARAISELVAN : Though these issues were earlier brought to the notice of the Government under Rule 377, since there was no fruitful action forthcoming, I am constrained to raise this issue in 'Zero Hour' today.

I am quite sure that this time the hon. Minister for Railways will definitely look into it.

SHRI M.B. RAJESH (PALAKKAD): Mr. Chairman, Sir, I stand here to draw the attention of this House and the Government to a tragic and shocking incident. A few days back, a girl was brutally raped and killed in the ladies' compartment of a running train in Kerala. This has exposed the negligence of the Railways as far as the safety of passengers, especially women passengers, is concerned. What is even more shocking is that recently the Railways have filed an affidavit before the High Court of Kerala in which it is stated that it is the responsibility of the women passengers to prevent anti-social elements from entering into ladies' compartment. It further says that women passengers are not showing vigilance in preventing these anti-social elements from entering into ladies' compartment. What does it mean? It means that passengers, especially women passengers, are traveling in the trains at their own risk and the Railways has no responsibility at all as far as the safety of passengers is concerned.

So, I would urge upon the Government in the context of this tragic incident to clarify whether this is the official position of the Railway Ministry or the Government that it is the responsibility of the passengers. If this is not the official position of the Government, the Railway Ministry should inquire into this incident as to how this affidavit was filed, and action should be taken against those who are responsible for giving this affidavit.

Secondly, thousands of posts are lying vacant in the Railway Protection Force.

MR. CHAIRMAN: This is a different subject. You can raise only one subject.

SHRI M.B. RAJESH : Sir, this is related to the safety of the passengers.

MR. CHAIRMAN: You can discuss this during the debate on Railway Budget. I am sorry. You have raised one issue, that is all right, but going to the second subject cannot be allowed.

SHRI M.B. RAJESH : No, I am not going to another subject. I would urge upon the Government to take all steps to ensure the safety of the passengers.

MR. CHAIRMAN: You can understand this thing. Only one issue has to be mentioned and not many issues though they may be relating to the Railway Ministry.

SHRI M.B. RAJESH : Sir, it is not a different subject. I just want to urge upon the Government that the Government should take all possible steps to ensure adequate safety of the passengers.

MR. CHAIRMAN: Now, nothing will go on record.

*(Interruptions) ...* *

* Not recorded

**श्री जगदानंद सिंह (बक्सर):** सभापति जी, एक महत्वपूर्ण विषय की तरफ मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। पूरा बिहार अंधेरे में डूबा हुआ है, खेती चौपट हो रही है, उद्योग-धन्धे बन्द हो रहे हैं, विद्यार्थियों की परिक्षाएं चल रही हैं, न तो शहर में, न देहात के इलाके में बिजली है, पूरा बिहार अंधेरे में डूबा हुआ है।

मांग और आपूर्ति में भारी अन्तर है। जहां आज बिहार में तीन हजार मैगावाट बिजली मिलनी चाहिए, उसे 11-12 सौ मैगावाट बिजली मिल रही है। मैं इसलिए इस बात को कह रहा हूं कि बिहार में उत्पादन बिजलीघरों में कम है, केन्द्रीय परिक्षेत्र से ही बिजली बिहार को मिलती है, जहां एलोकेशन दो हजार मैगावाट के आसपास है, वहां उसे बिजली 1000 से लेकर 1100-1200 मैगावाट तक मिल रही है। बिहार प्रदेश में केन्द्रीय परिक्षेत्र के जो ताप बिजलीघर हैं, उनकी बिजली भी बिहार प्रदेश के बाहर चली जा रही है। नादर्न ग्रिड में चली जा रही है, वेस्टर्न ग्रिड में चली जा रही है, सदर्न ग्रिड में चली जा रही है, लेकिन ईस्टर्न ग्रिड की बिजली ईस्टर्न परिक्षेत्र में रहने के बावजूद भी बिहार को नहीं मिल रही है। यह महत्वपूर्ण विषय इस माने में है कि भविष्य में भी जो बिहार उत्पादन केन्द्र बनने वाले हैं, उसकी बिजली भी ले जाने के लिए बाहर तीन हाजर से दस हजार तक की ट्रासमिशन लाइन लगाई जा रही है। आपको भी जानकारी है कि यह पावर ग्रिड की जिम्मेदारी होती है कि राष्ट्रीय पैमाने पर जहां बिजली की कमी हो, मांग और आपूर्ति में अन्तर हो, वहां बिजली दे।

जहां बिहार में सामान्य समय में मांग-आपूर्ति में 15 फीसदी और पीक ऑवर में 30 फीसदी का अन्तर है, वही देश में केवल तीन प्रतिशत का अन्तर है। मैं मांग करना चाहता हूं कि भारत सरकार अपने केन्द्रीय बिजली उत्पादन केन्द्रों से, केन्द्रीय परिक्षेत्र से बिहार को बिजली मुहैया कराये। साथ ही बिहार सरकार को यह बात कहकर कि नगर और शहरों में बिजली के साथ-साथ गांवों के इलाके में भी, जहां खेती चौपट हो रही है, विद्यार्थियों की परीक्षा चल रही है, बिजली दी जाए। पश्चिमी क्षेत्र, जहां बक्सर, कैमूर और रोहताश के इलाके हैं, वे तो बिल्कुल अंधेरे में डूबे हुए हैं।

मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं ।

**श्री सुभाष बापूराव वानखेडे (हिंगोली):** माननीय सभापति जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं और मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

गये 10-15 सालों से हमारी मांग है, मेरा तो यह फर्स्ट टर्म है, मैं एम.पी. चुनकर आया हूं, लेकिन इसके पहले भी सभी एम.पीज़. ने, सांसदों ने यह मांग की है। हम अकोलावासी हिंगोली, परभनी यह उम्मीद मुम्बई तक जाने वाली नई ट्रेन की मांग बहुत दिन से यहां कर रहे हैं। ममता दीदी को मैंने कम से कम 10, 20, 25 लैटर्स दिये हैं और वहां से सभी राष्ट्रीय दलों के नेता, सभी अधिकारी-कर्मचारी और कम से कम 60-70 लाख लोगों की तरफ से हमारी मांग है कि हिंगोली से मुम्बई तक जाने वाली एक एक्सप्रैस ट्रेन जल्दी से जल्दी चालू की जाये और मुम्बई से जो लातूर के लिए ट्रेन चलती है, इस ट्रेन का विस्तार हिंगोली तक होना चाहिए, ऐसी मांग हम कई दिनों से यहां कर रहे हैं। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: The Railway Budget is there tomorrow. You can speak on that.

… (*Interruptions*)

**श्री सुभाष बापूराव वानखेडे :** मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करता हूं कि कल के बजट में मैं तो बोल रहा हूं कि महाराष्ट्र इस देश में है कि नहीं, यह हमको बहुत दुख हो रहा है। जब-जब रेल बजट पेश होता है, तब-तब हम देखते हैं, लेकिन पैसा इधर खर्च हो जाता है।

महाराष्ट्र पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है, इसलिए हम स्वामी जी, आपकी ओर से विनती करते हैं कि कल ममता दीदी को आप प्रार्थना करें और महाराष्ट्र में जितनी हमारी ट्रेन के, रेल के जो प्रकल्प हैं, इनको निधि उपलब्ध कराने के लिए यहां हमारा सहकार करें। जयहिन्द-जय महाराष्ट्र।

**श्री राकेश सिंह (जबलपुर):** सभापति महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। जिस संसदीय क्षेत्र से मैं चुनकर आता हूं, वहां पर रक्षा मंत्रालय के पांच महत्वपूर्ण संस्थान हैं, जिनमें आर्डिनेंस फैक्टरी, गन कैरेज फैक्टरी, ग्रे आयरन फाउंड्री है और इसके अलावा और भी बड़े संस्थान वहां पर हैं। इन संस्थानों में केन्द्रीय कार्यालयों में लगभग 80 हजार से एक लाख कर्मचारी सेवारत हैं अथवा जो रिटायर हो गये हैं, ऐसे लोग वहां पर निवास कर रहे हैं। इन सभी कर्मचारियों को सी.जी.एच.एस. के अन्तर्गत औषधालयों में उपचार कराने की पात्रता भी है।

महोदय, वर्तमान में जबलपुर में मात्र तीन सीजीएचएस औषधालय हैं, जिनमें मात्र नौ चिकित्सकों के पद सैंक्शन हैं और उपलब्ध केवल सात डाक्टर्स हैं, शेष दो पद खाली पड़े हुए हैं। पिछले सत्र में मैंने एक प्रश्न पूछा था, जिसके जवाब में बताया गया था कि अगर कोई नयी डिस्पेंसरी ,खोलनी हो तो उसके लिए कम

से कम तीन किलोमीटर की परिधि में शहर में दो हजार या उससे अधिक पेंशनभोगियों की संख्या होनी चाहिए। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि हमारे यहां सीजीएचएस की डिस्पेंसरी के बारे में बताया गया कि डेढ़ सौ पेसेंट्स के ऊपर दो डाक्टर्स रहेंगे। आप कल्पना कीजिए कि पचहत्तर पेशेंट्स को एक डाक्टर देखेगा। उन कर्मचारियों की क्या हालत होती होगी, जो रिटायर्ड हैं अथवा इस समय वहां सेवा में हैं। उद्ग्राहियों की संख्या अस्सी हजार से एक लाख है। इसके हिसाब से जो नियम कहता है, उसके अनुसार कम से कम वहां आठ डिस्पेंसरीज होनी चाहिए। उसी के अनुपात में डाक्टर्स भी होने चाहिए। वर्ष 2008 में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, डिपार्टमेंट आफ एक्सपेंडीचर आफ इंस्पेक्शन यूनिट ने जो सर्वे किया था, उसमें जबलपुर में कम से कम 15 डाक्टर्स की पोस्टिंग के लिए उसने रिकमंडेशन की थी। दुर्भाग्य से उस ओर आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि मैंने स्वयं वहां विजिट की। वहां सवेरे पांच बजे से पेशेंट्स आकर लाइन में लगते हैं। जब मैं वहां गया, तो एक पचहत्तर साल के बूढ़े व्यक्ति ने मुझसे कहा कि मैंने तो सारा जीवन यह सोचकर सरकार की सेवा की थी कि कम से कम बुढ़ापे में मुझे स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा।

MR. CHAIRMAN : You have said that. Do not describe the incidents. You have to say what you want from the Government. You do not have to say that you have met this or that person. You have to say what you want from the Government.

**श्री राकेश सिंह (जबलपुर):** मैं आपके आदेश का पालन करते हुए जल्द ही समाप्त करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं पांच बजे आकर यहां लाइन में लगा, लेकिन सुबह चार बजे से ही लोग यहां आकर लाइन में लगे हुए हैं। मेरा आपके माध्यम से सरकार से यह आग्रह है कि कम से कम जबलपुर में सीजीएचएस की पर्याप्त डिसपेंसरीज खोली जाएं और जब तक डिस्पेंसरीज नहीं खोलते तब तक वहां पर डाक्टर्स की नियुक्ति की जाए। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह):** महोदय, मैं आपके माध्यम से मजदूरों से जुड़ा हुआ एक मामला उठाना चाहता हूं जो कोयलांचल में और नरेगा के माध्यम से उस क्षेत्र में बहुत से लोग काम कर रहे हैं। मैं आपका ध्यान पेमेंट आफ ग्रेच्युटी एक्ट, 2010 के प्रभावी होने की तिथि से संशोधन करने और कोयला खान भविष्य निधि विभाग द्वारा वर्ष 2005 में मिशन विश्वास के तहत कोयला क्षेत्र में कामगारों को उनकी भविष्य निधि की राशि की जानकारी कंप्यूटर और इंटरनेट के माध्यम से उपलबध सुविधा के बंद करने के संबंध में आकृष्ट कराना चाहता हूं।

17 मई, 2010 को पेमेंट आफ ग्रेच्युटी एक्ट, 1972 में संशोधन करते हुए कामगारों को प्राप्त ग्रेच्युटी को साढ़े तीन लाख रूपए से बढ़ाकर दस लाख रूपए कर दिया गया था। उक्त संशोधन को भारत सरकार के राजपत्र में 24 मई, 2010 को प्रकाशित किया गया तथा इसके एक्ट के प्रभावी होने की तिथि 24 मई, 2010 निर्धारित की गयी। परिणामतः प्रभावी तिथि से सार्वजनिक लोक उपक्रमों में कार्यरत हजारों श्रमिकों को उस लाभ से वंचित होना पड़ा, जो 30 अप्रैल, 2010 को अवकाश ग्रहण किए। यदि इस संशोधन को कोयला क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए आठवें वेतन समझौता एन. सी. डब्ल्यू. ए. की तिथि 1.7.2006 अथवा केंद्रीय समझौता, रेलवे के वेतन समझौता अथवा किसी वर्ष की पहली तारीख से शुरू किए जाने से लाखों मजदूरों को लाभ होगा। सीएमपीएफ के लाभुकों को इंटरनेट सेवा चालू हो, इससे एक सौ किलोमीटर मुख्यालय जाने में जो दिक्कत का सामना करना पड़ता है, वह समाप्त हो जाएगा।

अतः हम सरकार से मांग करते हैं कि इस पर अविलंब कार्रवाई हो। इससे भी बड़ी बात है कि 19.2.2011 को बोकारो जिला में नरेगा के तहत काम करने वाला मजदूर जब मजदूरी मांगने गाया, तो उसको वहां के लोगों ने मार-पीटकर इतना बुरा हाल कर दिया कि वह घर पहुंचने के बाद जब हास्पिटलाइज्ड हुआ, तो मर गया।

MR. CHAIRMAN: You are coming to something else.

**श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल):** माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से इस सदन का ध्यान उत्तराखंड राज्य द्वारा विस्थापन एवं पुनर्वास की नीति की घोषणा के अभाव में जनता की परेशानी की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। हाल ही में उत्तराखंड राज्य ने भीषण दैवीय आपदा का दंश झेला है, जिससे भारी संख्या में जान-माल का नुकसान हुआ। इस भारी दैवीय आपदा ने हजारों परिवारों को खानाबदोश जीवन जीने पर मजबूर कर दिया। ऐसे में विस्थापन एवं पुनर्वास की नीति के अभाव में प्रभावित लोगों के लिए न रहने को घर रहे, न आजीविका के साधन।

महोदय, उत्तराखंड के थराली, देवाल, कुलसारी, रिंगवाड़ी, कमेडी, भेंसोड़ा, पल्ला, पंजाड़ा एवं चुकूम आदि कई ऐसे गांव हैं जिनका पुनर्वास अति आवश्यक है। इन ग्रामों के नागरिक भय के माहौल में जीवन जीने को मजबूर हैं। पहाड़ों में दरारें आ रही हैं, भूधसांव हो रहा है, लोगों के मकान पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं। इस सर्दी में वे खुले आसमान के नीचे जीने को मजबूर हैं। गावों में भय के कारण लोग सो नहीं पा रहे हैं। इन क्षेत्रों के नागरिकों का पुनर्वास शीघ्र किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। परन्तु उत्तराखंड सरकार द्वारा विस्थापन एवं पुनर्वास की नीति सार्वजनिक न होने के कारण वहां की जनता त्रस्त है। अभी तक पुनर्वास के लिए भूमि को चिन्हित कर उसका सर्वेक्षण भी नहीं करवाया गया है।

उत्तराखंड राज्य की सीमाएं चीन व नेपाल के साथ लगती हैं। ऐसे में राज्य के डीआरडीए कर्मचारियों व पटवारियों की हड़ताल राष्ट्र सुरक्षा में चिंता का विषय है। राज्य सरकार ने बिना सम्पूर्ण योजना के करोड़ों रुपये से पटवारी चौकियां तो बनवा दीं, परन्तु वहां पानी, बिजली की व्यवस्था नहीं है, जिस कारण करोड़ों रुपये की सम्पत्ति बेकार पड़ी है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह राज्य सरकार को निर्देशित करे कि वह डीआरडीए कर्मचारियों व पटवारियों की हड़ताल समाप्त करवाए तथा विस्थापन एवं पुनर्वास नीति को शीघ्र सार्वजनिक करे जिससे उत्तराखंड के भूकम्पीय, संवेदनशील क्षेत्रों का शीघ्र पुनर्वास सुनिश्चित हो सके। धन्यवाद।

**श्री रतन सिंह (भरतपुर):** महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बहुत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। भरतपुर और धौलपुर की जाट जाति को केन्द्रीय सेवा में अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल नहीं किया गया है, जबकि सम्पूर्ण जाट जाति को (भरतपुर, धौलपुर जिले के जाटों को छोड़कर) केन्द्र में अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल कर दिया गया है। मेरा निवेदन है कि राजस्थान सरकार के समाज कल्याण विभाग की अधिसूचना क्रमांक 74085 दिनांक 3.11.99 से जाट जाति (भरतपुर एवं धौलपुर जिले के जाटों को छोड़कर) अन्य पिछड़ा वर्ग सूची में रखा गया था। लेकिन हम मुख्य मंत्री, राजस्थान के आभारी हैं कि उन्होंने सरकार की भूल सुधारते हुए उस आदेश में 10.1.2001 को भरतपुर और धौलपुर के जाटों को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल कर समस्त राजस्थान की जाट जाति को यह लाभ प्रदान कर दिया।

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा भारत का राजपत्र भाग-1, 27 अक्टूबर, 1999 द्वारा अन्य पिछड़े वर्गों की केन्द्रीय सूची में पृष्ठ संख्या 11 राजस्थान राज्य के क्रमांक 11 पर जाट (भरतपुर, धौलपुर के अतिरिक्त) केन्द्र में अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल कर भरतपुर एवं धौलपुर, दो जिलों के जाटों को छोड़ दिया।

महोदय, राजस्थान वैसे ही बहुत पिछड़ा प्रदेश है। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि भरतपुर और धौलपुर के जाट अपने साथ हुए अन्याय के विरूद्ध पिछले दस वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उन्हें आज तक न्याय नहीं मिला है। भरतपुर एवं धौलपुर के जाटों को राजस्थान के 31 जिलों के जाटों के समान केन्द्र के अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल कर केन्द्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सूची में शामिल करने की कृपा करें, जिससे क्षेत्र का विकास हो। हम आपके बहुत आभारी होंगे।

**श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही):**सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं आपके माध्यम से एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर सदन और माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। आज पूरे देश में अपराधियों की जो गतिविधियां हैं, वे सक्रिय हो गयी हैं। उन्हें इस समय सबसे उपयुक्त स्थल रेलवे स्टेशन या रेलगाड़ियां दिखाई पड़ रही हैं। मैं मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि 22/23 यानी परसों मैं अपने क्षेत्र से सदन में आने के लिए नई दिल्ली के लिए निकला, तो उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद रेलवे जंक्शन से पहले मेरे पीछे कई बदमाश दो-तीन गाड़ियों मे चले। मुझे नहीं पता था कि उनकी मंशा क्या है? मैं ज्यों ही रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर अंदर जाने को हुआ, मुझे लगा कि मेरे पीछे कुछ बदमाश लगे हुए हैं जिनका उद्देश्य हत्या करना है, क्योंकि इससे पहले अखबारों से सूचनाएं मिली हैं कि उत्तर प्रदेश में दो कैबिनेट मंत्री हैं तथा जिनमें हमारा नाम भी शामिल किया गया है, हत्या करने की साजिश कोई और नहीं सपा के एक नामजद विधायक और ढाई लाख का इनामी, जो पकड़ा गया है, वह मेरे सगे भाई का हत्यारा है। ऐसी सूचनाएँ प्राप्त होने पर मैं सतर्क भी रहता था, लेकिन बड़े दुख के साथ कहना चाहता हूं कि आज इस देश की जो स्थितियां हैं, उसमें हम जैसे लोग असुरक्षित हैं। मैंने गाड़ी में ही आधे घंटे तक बैठकर जीआरपी, डीजी और एसएसपी इलाहाबाद को फोन किया तब जाकर फोर्स आयी। उसके बाद मैं गाड़ी से उतर पाया।

मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि सपा विधायक श्री विजय मिश्रा, उसका भतीजा मनीष मिश्रा और उसके पांच अन्य अपराधी, जिनके बारे में मैंने जीआरपी, इंसपेक्टर और पुलिस को लिखकर दिया। आज स्थितियां बहुत विचित्र हैं। अगर ऐसी स्थिति बनेगी, तो हमारे जैसे लोगों को सदन आने में विलम्ब होगा। दुरंतो ट्रेन जिससे मेरा रिजर्वेशन था, उसे हमें मजबूरी में छोड़ना पड़ा। मैं दूसरी ट्रेन से आया। मेरा सदन में पहला प्रश्न था, लेकिन संयोग से सदन नहीं चल पाया।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि इस तरह से जो रेलवे ट्रैक ट्रेन में चाहे दीन दयाल जी की हत्या हुई हो या अन्य बहुत सारे लोगों की हत्याएं हुई हों, स्टेशनों पर हत्याएं हो रही हैं,

रेप हो रहा है, लूट हो रही है। ऐसे प्रकरण पर तुरंत अंकुश लगाया जाये और हम जैसे लोगों की सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जाये। मैं आपके माध्यम से सदन और माननीय मंत्री जी से यह मांग करता हूं। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN : Now the House stands adjourned till 11.00 a.m. tomorrow.

**18.46 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, February 25, 2011/Phalguna 6, 1932 (Saka).*

---